राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 89 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com

उत्तराखण्ड संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP

Rakesh Bhardwaj Group

एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की।

पंजाब सीएम की पूर्व सीएम चन्नी को चेतावनी

टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को खुली चेतावनी दे दी है। सीएम मान ने ट्वीट करके चरणजीत सिंह चन्नी को अपने भतीजे द्वारा खिलाड़ी से पैसे मांगने की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए कहा है। अन्यथा सीएम भगवंत मान खुद ही पंजाब के सामने पूरी जानकारी सांझा कर देंगे।

सीएम मान ने ट्वीट करके कहा कि चरणजीत चन्नी जी मैं आपको 31 मई दोपहर 2 बजे तक मौका दे रहा हूं कि भतीजे द्वारा नौकरी के लिए खिलाड़ी से रिश्वत मांगने की सारी जानकारी सार्वजनिक करने के लिए... नहीं तो 31 मई दोपहर 2 बजे मैं फोटो, नाम और मिलने की जगह में सब कुछ डाल दूंगा पंजाबियों के सामने...।

तमिलनाडु में अमूल का विरोध

टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह को दूध ब्रांड अमूल को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने शाह से अमूल को प्रदेश की को-ऑपरेटिव आविन से तुरंत दूध लेना बंद करने के निर्देश देने की अपील की है। इससे पहले कर्नाटक में अमूल और राज्य के नंदिनी ब्रांड को लेकर टकराव के हालात बने थे। स्टालिन ने पत्र में लिखा कि अब तक अमूल राज्य में अपने केंद्रों से दूध बेचता था, लेकिन अब आविन से दूध खरीदने लगा है। हमें जानकारी मिली है कि हाल ही में अमूल ने अपने मल्टी स्टेट को ऑपरेटिव लाइसेंस का इस्तेमाल करके राज्य के कृष्णागिरी जिले में चिलिंग सेंटर और प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया है। इससे राज्य में डेयरी बिजनेस में काम कर रहे को-ऑपरेटिव के बीच अस्वस्थ कॉम्पिटिशन शुरू हो सकता है। रीजनल को-ऑपरेटिव राज्यों में डेयरी के डेवलपमेंट का आधार रही हैं।

हिमाचल: 10वीं परीक्षा का परिणाम घोषित

धर्मशाला: हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं परीक्षा के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष कुल 89.7 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। परीक्षा में कुल्लू जिले के स्नॉवर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा की छात्रा मानवी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इस बार कुल 91 हजार 440 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिनमें से 81,732 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जबकि 7,534 परीक्षार्थियों को सफलता हाथ नहीं आई। परीक्षा में कुल्लू जिले के स्नॉवर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा की छात्रा मानवी पहले स्थान पर रहीं, उसने 99.14 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। दूसरे स्थान पर हमीरपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा दीक्षा हैं। उसे 99 प्रतिशत नंबर मिले हैं।

'चार दिन में हो समाधान नहीं तो लेह के लिए के लिए बंद की जाएगी टैक्सी सेवा'

मनाली/राज अग्रवाल

मोटरसाइकिल आने जाने को लेकर चल रहे हिमाचल और लेह लद्दाख के बीच विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। वाहन आपरेटरों की मनाली में बैठक आयोजित हुए जिसमे हिम आंचल टैक्सी यूनियन, जीप यूनियन, लग्जरी यूनियन व मोटरसाइकिल यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अगर चार दिन के भीतर कोई समाधान नहीं निकला तो लेह के लिए टैक्सी सेवाएं बन्द कर दी जाएगी। हिमाचल के 15 मोटरसाइकिल व एक कैंपर तोड़ दिए थे। हिम आंचल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण चन्द पोहलु, लग्जरी यूनियन के अध्यक्ष धर्म चन्द, जीप यूनियन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर व मोटरसाइकिल यूनियन के अध्यक्ष राजेश ने मोटरसाइकिल तोड़ने की घटना कि कड़ी निंदा की।

संसद भवन के उद्घाटन पर आर-पार

सुप्रीम कोर्ट में याचिका, नई संसद का इनॉग्रेशन राष्ट्रपति करें, समारोह का 20 विपक्षी पार्टियों ने बहिष्कार किया, 17 दल शामिल होंगे

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

संसद के नए भवन के इनॉग्रेशन पर विवाद थम नहीं रहा है। कुल 40 पार्टियों में से कांग्रेस समेत 20 विपक्षी पार्टियों ने इसके बहिष्कार का ऐलान किया है। उधर, भाजपा समेत 17 पार्टियों ने सरकार के न्योते को स्वीकार कर लिया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति से नई संसद का उद्घाटन कराने का निर्देश देने वाली याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं करके संविधान का उल्लंघन किया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर प्रधानमंत्री से इसका इनॉग्रेशन कराने का निर्णय न केवल गंभीर अपमान है, बल्कि यह लोकतंत्र पर भी सीधा हमला है। बुधवार को विपक्षी दलों के संयुक्त बयान में कहा गया कि इस सरकार में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। ऐसे में नए भवन का कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस नेता जयराम नरेश ने कहा, 'कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रांची में देश के सबसे बड़े न्यायिक परिसर का इनॉग्रेशन किया। यह एक व्यक्ति के अहंकार और आत्म-प्रचार की इच्छा है, जिसने पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को 28 मई को नए संसद भवन का इनॉग्रेशन करने के संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित कर दिया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जहां तक नया संसद भवन बनाने की बात है तो यह नई बात नहीं है। यह 32 साल पहले कांग्रेस की ही सोच थी। अब कोई इसका बहिष्कार करता है या उद्घाटन समारोह में नहीं जाता है तो इस पर उन्हें कोई टिप्पणी नहीं करनी है। नए भवन का निर्माण जरूरी था और यह अच्छा है कि अब यह बन गया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई संसद पर बयानबाजी करना गलत है। विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है।

सुबह हवन-पूजा, दोपहर 12 बजे उद्घाटन करेंगे पीएम

नए संसद भवन में 28 मई यानी रविवार सुबह हवन के साथ पूजा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे भवन का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमयोगियों का सम्मान भी किया जाएगा।

'तमिलनाडु के 20 धर्माध्यक्ष नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल'

टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई/नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए तमिलनाडु के 20 आदिनम (धर्माध्यक्ष) को आमंत्रित किया गया है, जो यहां 'सेंगोल' को स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सेंगोल दिया गया था। सीतारमण ने गुरुवार को यहां तमिलनाडु, तेलंगाना और नागालैंड के राज्यपालों के साथ एक प्रेसवार्ता में उक्त बातें कहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री को सेंगोल सौंपे जाने की घटना तमिलनाडु के लिए बेहद खास है। उद्घाटन समारोह के लिए तिरुवदुथुरई, पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। इसी संदर्भ में वित्त मंत्री ने कहा कि आदिनम की सलाह पर 1947 में अंग्रेजों से भारत के लोगों के लिए सत्ता स्थानांतरण किया गया था। राजदंड 'सेंगोल' को लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास बहुत श्रद्धा के साथ स्थापित किया जाएगा।

मणिपुर में तीसरे दिन आगजनी

टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल

मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने के खिलाफ 3 मई से शुरू हुई हिंसा 20 दिन बाद फिर भड़क गई है। बिष्णुपुर जिले के त्रोंग्लाओबी गांव में कर्फ्यू में ढील देते ही हिंसा हुई। दरअसल, संदिग्ध कुकी लोगों ने मंगलवार को तीन मैतेई घरों को आग के हवाले कर दिया। इस घटना का बदला लेते हुए दूसरे समुदाय ने भी चार घर जला दिए। फिर हथियारों से लैस लोगों ने विष्णुपुर के मोइरांग के कुछ गांवों में हमला किया। हंगामे का शोर सुनकर मोइरांग के राहत शिविर के कुछ लोग बाहर आए। इस बीच, तोइजाम चंद्रमणि नाम के युवक को पीठ में गोली लगी जो सीने से होकर निकल गई। जानकारी मिलते ही असम रायफल्स के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने मैतेई युवकों को भगाते हुए हिंसा बढ़ने से रोक दी। जवानों ने कई कुकी बंकर तोड़ दिए। घटना के बाद जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

मिलावटी दूध की जांच के लिए एफएसएसएआई चलाएगा अभियान

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) दुग्ध और उससे जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों की जांच के लिए देशव्यापी अभियान चलाएगा। खाने-पीने से जुड़े उत्पादों पर नजर रखने वाली शीर्ष नियामक संस्था का कहना है कि इसका मकसद दुग्ध उत्पादों में मिलावट की जांच करना है और उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जहां ऐसा होता है। एक विज्ञप्ति में एफएसएसएआई ने कहा है कि देश के सभी जिलों से इसके लिए सेंपल एकत्र किए जायेंगे। इनकी आगे जांच की जाएगी।

'ऑस्ट्रेलिया के भारतीय इवेंट में वहां का पक्ष-विपक्ष साथ बैठा, ये लोकतंत्र की आत्मा है'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के बाद गुरुवार सुबह दिल्ली लौट आए। पालम एयरपोर्ट पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा क्या होती है, लोकतंत्र का सामर्थ्य क्या है, यह ऑस्ट्रेलिया में हुए भारतीय इवेंट को देखकर समझा जा सकता है। वे बोले कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के बीच जो समारोह हुआ, उसमें वहां के पीएम, पूर्व पीएम, सत्ता पक्ष के सांसद और पूरा विपक्ष शामिल हुआ था। ये वहां का लोकतंत्र है। इस इवेंट में सत्ता और विपक्ष दोनों ने भारत के प्रतिनिधि को सम्मान दिया। दरअसल, बुधवार को कांग्रेस समेत 19 दलों ने देश की नई पार्लियामेंट बिल्डिंग के उद्घाटन के बायकॉट का ऐलान किया था। इन पार्टियों ने कहा कि जब लोकतंत्र की आत्मा ही निकाल ली गई है, तो नई इमारत की कोई कीमत नजर नहीं आती हैं। पीएम के भाषण को इस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी 19 मई से तीन देशों- जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की विजिट पर थे।

मोदी ने देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देहरादून से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में रेलवे पटरियों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड को देहरादून से दिल्ली के लिए अपनी पहली वंदे भारत एक्सप्रेस मिल रही है। यह ट्रेन उत्तराखंड के नागरिकों के लिए 'यात्रा में आसानी' के साथ-साथ अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगी। यह एक्सप्रेस लोगों के यात्रा समय को कम करेगी। उन्होंने कहा कि भारत को बड़ी उम्मीद से देखा जा रहा है। भारत को देखने और भारत के सार को समझने के लिए दुनिया यहां आना चाहती है। ऐसे में उत्तराखंड जैसे राज्यों के लिए बेहतरीन अवसर हैं। वंदे भारत ट्रेन भी उत्तराखंड की यात्रा का भरपूर आनंद लेने में मदद करने वाली है। रेलगाड़ी संख्या

22458/22457 देहरादून - आनंद विहार टर्मिनल-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा 29 मई से दोनों दिशाओं से शुरू होगी। रेलगाड़ी संख्या 22458 देहरादून -आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देहरादून से सुबह सात बजे प्रस्थान कर उसी दिन सुबह 11.45 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

कर्नाटक सरकार ने दिया हिजाब से बैन हटाने का संकेत

टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू

कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया की सरकार ने राज्य के स्कूल-कॉलेजों में लगे हिजाब बैन को हटाने के संकेत दिए हैं। कैबिनेट में मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा है कि उनकी सरकार ऐसे हर कानून की समीक्षा करेगी, जो असंवैधानिक हैं और किसी व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। अगर ये कानून राज्य की छवि को प्रभावित करते हैं तो इन्हें खत्म किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने रुख पर बहुत स्पष्ट हैं, हम पिछली सरकार में पारित उन सभी विधेयकों, सर्कुलर का रिव्यू करेंगे, जो आर्थिक नीतियों के खिलाफ हैं। अगर वे असंवैधानिक हैं तो जरूरत पड़ने पर उन्हें खारिज कर दिया जाएगा। प्रियांक का बयान उन खबरों पर आया जिसमें यह दावा किया गया है कि स्कूल-कॉलेज में लगा हिजाब बैन को हटाया जा सकता है।

बजरंग दल हो या संघ, कानून के लिए खतरा बने तो बैन होंगे: प्रियांक ने मेनिफेस्टो की घोषणाओं के मुताबिक बजरंग दल बैन के सवाल पर कहा, "कोई भी संगठन, धार्मिक, राजनीतिक या सामाजिक, जो कर्नाटक में असंतोष और नफरत के बीज बोएगा, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम कानूनी और संवैधानिक रूप से उनसे निपटेंगे। चाहे वह बजरंग दल, पीएफआई या कोई अन्य संगठन हो।

रिव्यू करेंगे....

- हम अपने रुख पर बहुत स्पष्ट हैं, हम पिछली सरकार में पारित उन सभी विधेयकों, सर्कुलर का रिव्यू करेंगे

सीनियर कांग्रेस नेताओं से मिले सिद्धा-डीके

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कर्नाटक के इंचार्ज रणदीप सुरजेवाला और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ मीटिंग की। पार्टी के वॉर रूम 15, गुरुद्वार रकाबगंज रोड में हुई मीटिंग में स्टेट कैबिनेट के विस्तार पर चर्चा हुई। इससे पहले सिद्धारमैया और डीके ने वेणुगोपाल के साथ उनके निवास पर चर्चा की थी।

डीके ने पार्टी में फूट की अफवाहों को नकारा: कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार बुधवार को ही दिल्ली पहुंच गए थे। वहीं, सिद्धारमैया रात को दिल्ली पहुंचे। डीके ने दिल्ली पहुंचकर पार्टी के भीतर फूट की अफवाहों को नकार दिया। उन्होंने कहा कि स्टेट पार्टी प्रेसिडेंट के तौर पर मैं बता सकता हूं कि ऐसा कुछ नहीं है। कोई भी अंदरूनी मुद्दा नहीं है।

जल्द हो सकता है कैबिनेट विस्तार: डीके ने कहा कि ये एक रूटीन दौरा है। हमें जल्द से जल्द कैबिनेट विस्तार करना है। उस पर काम चल रहा है। हम राज्य से जुड़े मुद्दों पर पार्टी के सीनियर नेताओं से चर्चा करेंगे। 20 मई को सिद्धारमैया और डीके के साथ 8 मंत्रियों ने शपथ ली थी। हालांकि अभी तक मंत्रियों को पोर्टफोलियो नहीं दिए गए हैं।

कूनो में चीता ज्वाला के 2 और शावकों की मौत

टीम एक्शन इंडिया/कूनो

कूनो नेशनल पार्क में गुरुवार को ज्वाला चीता के दो और शावकों की मौत हो गई। मंगलवार को चीते के एक शावक की मौत हुई थी। यहां दो महीने के भीतर अब तक छह चीतों की मौत हो चुकी है। कूनो में मादा चीता ज्वाला ने 27 मार्च को चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से दो की मौत हुई है। पहली खेप में नामीबिया से 8 चीतों को कूनो नेशनल पार्क लाया गया था। 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हें बाड़े में रिलीज किया था। इसके बाद 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते कूनो लाए गए थे।

भारतीय नौसेना का एक और कीर्तिमान

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक और कीर्तिमान रचा है। बयान के मुताबिक, नौसेना ने भारत के स्वदेशी आईएनएस विक्रांत युद्धपोत पर मिग-29के की रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई है। नौसेना की यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत की ओर बड़ा कदम है। गौरतलब है कि इससे पहले तेजस विमान के नौसैनिक वर्जन ने आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। हालांकि, तब यह लैंडिंग दिन के वक्त ही करवाई गई थी। इसके अलावा कामोव 31 हेलीकॉप्टर को भी 28 मार्च को आईएनएस विक्रांत पर उतारा गया था।

लैंडिंग में सफलता...

- नौसेना ने भारत के स्वदेशी आईएनएस विक्रांत युद्धपोत पर मिग-29के की रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई है

भारतीय नौसेना के अधिकारी के मुताबिक, परीक्षण के दौरान स्वदेशी प्रकाश सहायक उपकरण और शिपबोर्न सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो कि पूरी तरह सफल सिद्ध हुए।

विक्रांत की खासियत क्या-क्या?

कोचिन शिपयार्ड में बने आईएनएस विक्रांत की लंबाई 262 मीटर है। वहीं, इसकी चौड़ाई भी करीब 62 मीटर है। यह 59 मीटर ऊंचा है और इसकी बीम 62 मीटर की है। युद्धपोत में 14 डेक हैं और 1700 से ज्यादा क्रू को रखने के लिए 2300 कंपार्टमेंट्स हैं। इनमें महिला अधिकारियों के लिए अलग से केबिन बनाए गए हैं। इसके अलावा इसमें आईसीयू से लेकर चिकित्सा से जुड़ी सभी सेवाएं और वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं भी हैं। आईएनएस विक्रांत का वजन करीब 40 हजार टन है।

उपभोक्ताओं को राहत

लगातार चौथे साल भी बिजली के दाम न बढ़ने से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

यूपी: नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों का प्रस्ताव खारिज किया

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की जनता के लिए गुरुवार का दिन खुशखबरी वाला रहा। विद्युत नियामक आयोग ने इस साल भी बिजली उपभोक्ताओं को बिल के दाम बढ़ने से लगने वाले करंट से बचा लिया। अब इस साल भी बिजली की दर नहीं बढ़ेगी। विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल 18 से 23 फीसदी बढोतरी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक बार फिर प्रदेश की बिजली दरों में कोई भी बदलाव न करते हुए यथावत रखी गई हैं। यह चौथा साल है, जब बिजली की पूर्व दर ही लागू रहेगी।



नियामक आयोग ने बिजली दरों में कमी को रोकने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा द्वारा वितरण हानियों को आरडीएसएस स्कीम के तहत मानने वाला प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इस वर्ष भी प्रदेश के उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 7988 करोड़ रुपये सरप्लस निकला है। गुरुवार को नियामक आयोग का फैसला आने के बाद उपभोक्ता परिषद ने ऐलान किया कि जब तक बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया बना रहेगा, तब तक बिजली दर नहीं बढ़ने दिया जाएगा। अब कुल सरप्लस बढ़कर 33,121 करोड़ रुपये हो गया है। ऐसे में अगले 10 वर्षों तक दरों में बढ़ोतरी नहीं हो सकती है। बिजली कर्मचारियों यानी कि विभागीय कार्मिकों का जो एलएमवी-10 था उसे टैरिफ शेड्यूल से बाहर कर दिया गया है और अब सभी बिजली कार्मिक घरेलू विद्युत उपभोक्ता की श्रेणी में आएंगे। सभी बिजली कार्मिकों के घरों पर अनिवार्य रूप से मीटर लगाने का आदेश दिया गया है। आयोग ने ट्रांसमिशन टैरिफ 26 पैसे प्रति यूनिट तय किया है। विद्युत नियामक आयोग बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल 92,564.89 करोड़ की वार्षिक राजस्व आवश्यकता को न मानते हुए केवल 86,579.51 करोड़ वार्षिक राजस्व की आवश्यकता अनुमोदित की गई। बिजली कंपनियों द्वारा जो वितरण हानियां 14.90 प्रतिशत मानी गई थी, विद्युत नियामक आयोग द्वारा केवल 10.30 प्रतिशत ही मान्यता दी गई। आयोग ने बिजली चोरी का खामियाजा प्रदेश के उपभोक्ताओं पर ना पड़े इसलिए हानियों का आकलन बिजनेस प्लान के तहत किया है।

पिछले साढ़े 8 वर्षों में बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों में हुए विकास कार्य: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में प्रदेश भर में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हुए हैं। इसके अलावा आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सभी योजनाओं को ऑनलाइन करके सरल प्रणाली लागू की है ताकि आमजन को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री वीरवार को महेंद्रगढ़ में नारनौल हलके के गांव ढाणी बाठोठा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांव के 3 बच्चों मयंक,अन्नू व ओमपाल को उनके जन्मदिवस की बधाई दी और उन्हें उपहार देकर सम्मानित भी किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने गांव के10वीं व 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थियों मनीष, दीपक, परीक्षित, अंशुल, बबली व सपना को उपहार देकर सम्मानित किया और उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव में 2 एकड़ भूमि पर व्यामशाला बनाने की घोषणा की और गांव के तालाब से पानी निकालने के लिए कृष्णावती नदी तक पाइप लाइनबिछाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने अपने प्लाट पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत की जिस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को अगले 7 दिनों में समाधान करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार, एक वृद्धजन का आयुष्मान कार्ड न बनने पर अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि 2 दिन में उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बेमौसम हुई बरसात के कारण सरसों में हुए नुकसान का मुआवजा भी जल्द किसानों को दे दिया जाएगा।
नारनौल विधानसभा की 23 नई सड़कों को मिली मंजूरी :
मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतें अपने विकास कार्य ई-टेंडरिंग के माध्यम से करवा सकती हैं। इतना ही नहीं, गांव के विकास के लिए कोई भी व्यक्ति ग्राम दर्शन पोर्टल पर अपना सुझाव दे सकते हैं, जिस पर संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विकास कार्य पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 3 करोड रुपए की राशि की लागत से विकास कार्य हुए हैं।उन्होंने बताया कि नारनौल विधानसभा की 23 नई सड़कों को मंजूरी दी जा चुकी है।
गांव के 83 युवाओं को मैरिट पर मिली नौकरियां : श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के मैरिट के आधार परनौकरियां दी गई है। उन्होंने कहा कि इस गांव के 83 युवाओं को अपनी योग्यता के बल पर नौकरियां मिली है।इसके अलावा, गांव के 111 लोगों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाते हुए अपना इलाज करवाया है। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री ओम प्रकाश यादव, जिला के प्रशासनिक अधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सड़कों की हालत दयनीय, जैन ने की अधिकारियों से चर्चा

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,
शहर की सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं, सरकार ने 25-25 करोड़ रुपए सभी विधानसभाओं के लिए मंजूर कर दिए। कई माह से नागरिक सुन रहे हैं परन्तु कोई राहत नहीं मिली है, ऐसे में गड्ढ़ों में पलटते दुपहिया वाहन चालक एवं ई रिक्शा ऊपर से बारिश का मौसम आने वाला है, तब क्या हालात होंगे इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।
सड़कों के हालात से चिंतित मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने वीरवार को स्थानीय विश्राम घर में लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत कुमार तथा पंकज गौड़ समेत अन्य अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में एस0डी0ओ0 राकेश कुमार, दिलबाग मेहरा, ख.ए. दीपक मेहरा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि बड़वासनी नहर से गोहाना रोड़, ट्रक यूनियन तक, एटलस रोड़, मिशन चौक से कालुपुर, रेलवे रोड़, गीता भवन चौक, बस स्टैण्ड से गाँधी चौक, बस अड्डा से बहालगढ़ रोड, मुरथल रोड के टैंडर हो चुके हैं और मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद वर्क आर्डर जारी कर दिए जायेंगे। राजीव जैन ने कहा कि इतने तो बारिश का मौसम आ जाएगा ऐसे में क्या हालात होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर काम शुरू होने तक गड्ढ़े तो कम से कम भर दो। राजीव जैन ने सारंग रोड़, ओल्ड डी0सी0 रोड़ तथा आई0टी0आई0 चौक से सिंचाई विभाग कार्यालय तक सड़कों की हालात बारे चर्चा की तो अधिकारियों ने बताया कि इन सड़कों को नगर निगम ने मरम्मत करवाना है, जिसमें आई0टी0आई0 चौक से सिंचाई विभाग तक सड़क बनाने के लिए 6 करोड़ रूप्ये का एस्टीमेट निकाय विभाग के मुख्यालय को भेजा हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि वर्क आर्डर होने के बाद चूंकि बरसात का मौसम होगा इसलिए सड़क बनाना तो शुरू कर देना परन्तु फाइनल लेयर न डालना ताकि बरसात का मौसम निकल जाये अन्यथा सड़कें फिर से टूट जायेंगी।

गन्ने की बकाया पेमेंट को लेकर किसानों ने नारायणगढ़ में की पंचायत

किसानों के नाम शुगर मिल ने करोड़ो का क्रोप लोन लिया है उसकी अब तक यही पुष्टी नही हुई

टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला(मनीष कुमार) भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के द्वारा नारायणगढ़ शुगर मिल में पंचायत बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरमैल सिंह बख्शुआ के द्वारा की गई जिसमे जिले के सैंकड़ों किसान मौजूद रहे और जिसमे मुख्य मुद्दा शुगर मिल की बकाया पेमेंट और जिन किसानों के नाम शुगर मिल ने करोड़ो का क्रोप लोन लिया है उसकी अब तक यही पुष्टी नही हुई की क्रोप लोन के गबन के करोड़ो रुपए कहां और किसके द्वारा गए।
तो मौके पर पहुंचे एसडीएम नारायणगढ़ ने किसानों की सभी समस्याओं को सुना को किसानों को आश्वाशित करते हुए कहा की जल्द ही किसानों के खाते में 16 करोड़ की बकाया गन्ने की पेमेंट को डाल दिया जाएगा। जिसमे 10 करोड़ बेची हुई चीनी की पेमेंट की है और 6 करोड़ शुगर मिल की सब्सिडी की है और क्रोप लोन में कहा गया की ये एक गंभीर विषय है जिसका प्रशासन एक एक सबूत इकठ्ठा कर रहा है।
जिसका खुलासा जल्द होगा और जिसके लिए कुछ समय दिया जाए तो एसडीएम ने कहा की पीड़ित किसानों को न्यान्य जरूर दिलाया जाएगा और किसानों ने सर्व सहमति से फैसले की सहमति की ओर जिला अध्यक्ष ने कहा की अगर दिए गए आश्वासन पर प्रशासन अगर अपनी बात अटल नही रहे तो अगली पंचायत शीर्ष नेतरत्व से निर्णय लेकर समय निर्धारित किया जाएगा।
किसान पंचायत में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नरमैल सिंह बख्शुआ, ऋषिपाल , अनिल, गोल्डी नरमैल सिंह तंदवाल प्रधान नारायणगढ़, कुजू काकड़माजरा, उधम भरनपुर, सुरेंद्र जटवाड़, परमाल सिंह मौजूद रहे।

गौशाला खेडकी में 4 लाख 11 हजार रूपए किए दान

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। गांव चिंडालिया मूल के निवासी हाल आबाद हैदराबाद लाला मदनलाल श्याम सुन्दर चिंडालिया वाले ने वीरवार को अपने पैतृक स्थल प्रवास के दौरान गांव खेडकी स्थित बाबा खेतानाथ गौशाला का दौरा किया। करीब 4 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई इस गौशाला में लगभग 2900 गायों के रहने खाने के सुंदर व्यवस्था देख वे अत्यधिक प्रभावित हुए और गौशाला प्रधान राजकुमार मेई वाले से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में वर्करों को किया जागरूक

माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और नकदी प्रोत्साहन के माध्यम से अधीन-पोषण के प्रभाव को कम करना है

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
महिला एवं बाल विकास कार्यालय में विभाग द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में एक दिवसीय सेमिनार लगाकर जागरूक किया गया सेमिनार में सीडीपीओ निर्मला देवी ने वर्करों को योजना के बारे में अवगत करवाया। निर्मला देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का उद्देश्य काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए मुआवजा देना और उनके उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करना है । गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और नकदी प्रोत्साहन के माध्यम से अधीन-पोषण के प्रभाव को कम करना है। सीडीपीओ प्रोमिला ने कहा कि
इस योजना से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित बच्चे के जन्म के दौरान फायदा होगा। योजना की लाभ राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे भेज दी जाएगी। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए लागू नहीं होगी। इस मौके पर आंगनवाड़ी विभाग की कमला धनखड़ के अलावा विभिन्न सर्कल की सुपरवाइजर भी मौजूद थी।

'ओ. पी .एस की नीति बहाल की जाए'

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के ग्रामीण कार्यालय में हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक यूनिट के प्रधान लाइनमैन सुरेंद्र के नेतृत्व में हुई। बैठक को सचिव नीरज लाइनमैन कपिल सुमित महावीर जोगिंदर ने संबोधित किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि एनपीएस की नीति वापिस लेकर ओ. पी .एस की नीति बहाल की जाए, हरियाणा कौशल रोजगार को भंग किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए।
उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि 28 मई को सर्व कर्मचारी संघ दोबारा जींद में आयोजित कर्मचारी चेतावनी रैली में बढ़-चढ़कर भाग ले।

जगबीर जोगनाखेड़ा बने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) आम आदमी पार्टी ने प्रदेश स्तर पर और जिला स्तर पर संगठन में नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया है जिसमें जगबीर जोगना खेड़ा आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं जिसको लेकर आम आदमी पार्टी के समस्त कार्यकताओं में खुशी की लहर व्याप्त है । जिला कुरुक्षेत्र का अध्यक्ष बनने पर जगबीर जोगनाखेड़ा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री संदीप पाठक, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, हरियाणा के चुनाव कैंपेन अध्यक्ष अशोक तंवर का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त किया है ।जगबीर जोगना खेड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने मुझे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है मैं उनके उस विश्वास की कसौटी पर हर संभव खरा उतरने का प्रयास करुंगा और पार्टी को जिला कुरुक्षेत्र में कार्यकताओं को साथ लेकर मजबूत करने का काम करूंगा क्योंकि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

निर्मल सिंह बने आप पार्टी के नेशनल ज्वाईट सेक्रेटरी

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)
अम्बाला छावनी से आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी चित्रा सरवारा को पार्टी ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। आप ने संगठन का ऐलान करते हुए पूर्व मंत्री निर्मल सिंह को नेशनल जॉइंट सेक्रेटरी की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, उनकी बेटी चित्रा सरवारा को स्टेट वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। पार्टी में पिता-पुत्री का दबदबा बढ़ने से पार्टी के वर्कर्स में भी खुशी का माहौल है। कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने पर पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी चित्रा सरवारा ने विधानसभा चुनाव-2019 का आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। निर्मल सिंह को 54 हजार वोट मिले। ये 19 हजार वोट से हार गए, जबकि उनकी बेटी चित्रा सरवारा को 44 हजार वोट मिले थे। उसके बाद निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा ने आम आदमी पार्टी जॉइन कर ली थी।
पूर्व मंत्री निर्मल सिंह 4 बार अंबाला से विधायक रह चुके हैं। निर्मल सिंह की राजनीतिक उत्तराधिकारी उनकी बेटी चित्रा सरवारा को विधानसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस ने कैंट से टिकट नहीं दी थी। इसके बाद दोनों ने आजाद उम्मीदवार सिटी और कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि, पिता-पुत्री दोनों ही चुनाव हार गए। इसके बाद उन्होंने हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट बना लिया। इस साल पहले पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी चित्रा सरवारा ने अप्रैल 2022 दिल्ली में आम आदमी पार्टी जॉइन कर ली थी। अअढ सुप्रीमो दिल्ली उट अरविंद केजरीवाल ने अपने निवास पर दोनों पिता-पुत्री को पार्टी में शामिल किया था।
पूर्व मंत्री निर्मल सिंह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खासमखास नेताओं में शामिल थे। वे दो बार मंत्री रहे और एक बार कुरुक्षेत्र से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। बेटी चित्रा सरवारा उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं।

सीएम फ्लाइंग की रेड में ईट भट्ठे से भारी मात्रा में कार्बन बरामद

खरखौदा/सोमपाल सैनी
खरखौदा में सीएम फ्लाइंग की टीम ने पोलुशन कंट्रोल बोर्ड की टीम के साथ मिलकर गुरुवार को खरखौदा क्षेत्र के दो ईंट भट्ठों पर रेड करते हुए वहां से कार्बन बरामद किया है l जिसके बाद विभाग की और से ईंट भट्ठा मालिकों को नोटिस जारी कर सील करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। सीएम फ्लाइंग इसे एसआई महावीर, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, पोलुशन कंट्रोल बोर्ड से एसडीओ प्रवीन कुमार व खादय आपूर्ति विभाग से प्रवेश कुमार की टीम गुप्त सूचना मिलने पर पहलादपुर किडौली स्थित ईंट भट्ठे पर छापा मारने पहुंची थी।

अध्यापक अध्यापन कार्य में अधिक से अधिक टी.एल.एम. का प्रयोग करें: ज्योतसना

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक) उप-जिला शिक्षा अधिकारी ज्योतसना मिश्रा ने खंड शाहाबाद के प्राथमिक अध्यापकों के हरियाणा मिशन के तहत आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक अपना शिक्षण कार्य को इतना रूचिकर बनाए कि बच्चे जिज्ञासा पूर्वक उसमें अपनी सहभागिता दर्ज कर सके। उन्होंने कहा कि अध्यापक अधिक से अधिक कम लागत की टी.एल.एम. सामग्री का प्रयोग करें। खंड शिक्षा अधिकारी डा. एस.एस.आहुजा ने भी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी व गणित शिक्षण को बच्चे के व्यवहार में प्रयोग करने योग्य बनाया जाए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षकों के 2 बैच आरंभ हो चुके है। 6 दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में अध्यापक जो प्रशिक्षण ग्रहण करें उन्हें अपने स्कूल में बच्चों के साथ सांझा करें।

राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में छाए लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल सोनीपत के छात्र

लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल से 20 दिव्यांग छात्रों ने यैलो व रैड ग्रुप में भाग लिया था

टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता गत वर्ष सितंबर माह में बाल भवन सोनीपत में आयोजित की गई थी। जिसमें लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल से 20 दिव्यांग छात्रों ने यैलो व रैड ग्रुप में भाग लिया। जिसमें यैलो ग्रुप में गर्वित व भूमिका ने प्रथम, दक्षित व दक्षेष ने द्वितीय और आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रैड ग्रुप में वंशिका, प्रियांक ने प्रथम आरती व प्रार्थ ने द्वितीय और मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में पहुंचने पर सभी बच्चों का लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल व लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

समाज हित में कार्य करना पहली प्राथमिकता: बिशन सैनी

पूरी कार्यकारिणी व समाज के सभी लोग एकजुट होकर समाज को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए कार्य करेंगें

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल 25 मई। देर शाम महात्मा ज्योतिबा फुले चौक सिंघाना रोड नारनौल बाईपास पर सैनी सभा के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया ! कार्यक्रम आयोजक कॉलेजियम सदस्य दुलीचंद सैनी द्वारा शहर की अग्रणी संस्था सैनी सभा नारनौल के चुनाव उपरांत महात्मा ज्योतिबा फुले चौक पर सैनी सभा के नवनिर्वाचित प्रधान बिशन सैनी, उप प्रधान रोहताश सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भरत सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत किया गया। सभा के नवनियुक्त प्रधान बिशन सैनी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकारिणी को साथ लेकर समाज हित में कार्य किए जाएंगे, शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण और अहम निर्णय लेकर स्कूल की प्रगति के लिए कार्य किया जाएगा। समाज के बिना मानव का पूर्ण रूप से विकास होना सम्भव नहीं है। अपने देश और समाज से ही हमारी पहचान होती है। जिस तरह से हम निस्वार्थ भाव से अपने परिवार की सेवा करते हैं उसी प्रकार अपने देश और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है। समाज लोगों को सम्मानपूर्ण, सहिष्णु और दूसरों को समझने के लिए प्रोत्साहित करेगा। प्रधान ने कहा कि चुनाव सविधान की प्रक्रिया थी इसके बाद पूरी कार्यकारिणी व समाज के सभी लोग एकजुट होकर समाज को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए कार्य करेंगें। उक्त कार्यक्रम मे गौतम सैनी, सुरेंद्र कुमार, नारायण सिंह, प्रभाती लाल, मनीष सैनी, अमरजीत धरसू, संजय सैनी, ओम प्रकाश, रमेश कुमार, नवीन कुमार मास्टर, बलवीर पार्षद, जय सिंह सैनी, मुखराम सैनी, कैलाश सैनी, रामनिवास सैनी, सुरेश सैनी, शिक्षाविद नौरंग लाल सैनी, नरेश सैनी, मनोज सैनी, किशन बोहरा पूर्व पार्षद, भगत सिंह, राजू सैनी, सुलतान सैनी, नाहर सिंह, बिशन दयाल ठेकेदार, खेम सैनी, हरीश सैनी आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उत्तराखंड को मिली पहली वंदे भारत ट्रेन

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए उत्तराखंड को रेल सेवा का एक बड़ा और अनुपम उपहार दिया है। यह उपहार वंदे भारत रेल सेवा के रूप में मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज देहरादून से दिल्ली के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह देश की 17वीं और उत्तराखंड की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। 29 मई से वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन किया जाएगा। दिल्ली-देहरादून के बीच संचालित होने जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयर कार का किराया 900 रुपये है जबकि एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1695 रुपये तय किया गया है। यह प्रातःकाल देहरादून से चला करेगी जबकि उसी दिन सायंकाल वापस भी आ जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने इस रेल सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में काम दोगुना तेजी से होता है। इसका प्रमाण उत्तराखंड को मिली वंदे भारत रेल सेवा है। वंदे भारत रेल सेवा के संचालन के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है। उनमें आटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे हैं।

चेयर को 180 डिग्री तक रोटेट किया जा सकता है। ट्रेन की औसत गति 60 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रेन में जीपीएस आधारित इंफॉर्मेशन सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, वैक्यूम टायलेट हैं। पावर बैकअप का भी इंतजाम है। इस ट्रेन में आठ कोच हैं, जिनकी कुल क्षमता 570 यात्रियों की है।

संचालन की जानकारी

वंदे भारत रेल सेवा देहरादून से 7 बजे प्रातःकाल रवाना होगी और 11:30 बजे प्रातः पहुंचेगी आनंद विहार।

पुनः 5:50 बजे शाम को आनंद विहार से चलेगी और 10:20 बजे रात को देहरादून पहुंचेगी देहरादून, हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, आनंद विहार वंदे भारत सेवा के रेलवे स्टेशन होंगे।

उत्तराखंड बोर्ड : हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित, लड़कियों ने मारी बाजी

दसवीं में टिहरी के सुशांत चंद्रवंशी 99 प्रतिशत और इंटर में जसपुर की तनु चौहान ने 97 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

उत्तराखंड बोर्ड का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट गुरुवार को घोषित हो गया। दसवीं में टिहरी के सुशांत चंद्रवंशी 99 प्रतिशत और इंटर में जसपुर की छात्रा तनु चौहान ने 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में टॉप किया है। बोर्ड परिणाम में लड़कियों ने बाजी मारकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा ननूरखेड़ा में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड की परिषदीय परीक्षा-2023 का रिजल्ट घोषित किया।

हाई स्कूल में टिहरी गढ़वाल के बीएचएसवीएम कंदीसौर छाम के छात्र सुशांत चंद्रवंशी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में जसपुर की छात्रा तनु चौहान ने 97.60 प्रतिशत अंक से टॉप किया है। इस बार हाईस्कूल का पास प्रतिशत 85.17 रहा। इसमें 81.48 प्रतिशत छात्र और 88.94 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। अर्थात लड़कियों ने बाजी मारी है। इसी तरह इंटरमीडिएट में पास प्रतिशत 80.98 प्रतिशत रहा। इसमें 78.48 प्रतिशत छात्र और 83.49 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। यहां भी लड़कियां आगे रही हैं। परीक्षा में इस बार हाईस्कूल के 1,32,115 जबकि इंटरमीडिएट में 1,27,324 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

10वीं और 12वीं के परीक्षार्थी अपना रिजल्ट उत्तराखंड बोर्ड की वेबसाइट (uaresult.nic.in) पर देख सकते हैं। इसके आलावा ubse.uk.gov.in पर भी चेक कर सकते हैं।

टैंकर खाई में गिरा, चालक की मौत

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया

ऋषिकेश उत्तरकाशी राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना नरेंद्र नगर अंतर्गत पेट्रोल से भरा टैंकर खाई में गिर गया जिसमें टैंकर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक घायल हो गया। मौके पर पहुंची आपदा प्रबंधन टीम ने अपना अभियान प्रारंभ कर दिया है।

पुलिस चौकी प्रभारी प्लासडा उप निरीक्षक शिवराम ने बताया कि गुरुवार तड़के 4:15 बजे राहगीरों ने सूचना दी कि गुज्जर डेरे के पास व्यू प्वाइंट हाईवे पर नरेंद्र नगर से ऋषिकेश की ओर पेट्रोल का एक टैंकर सड़क किनारे खाई में गिर गया है। सूचना पर चौकी प्रभारी प्लासडा उप निरीक्षक

शिवराम मौके पर पहुंचे और तत्काल 108 एंबुलेंस व एसडीआरएफ टीम को कंट्रोल रूम के माध्यम से घटना से अवगत कराया।

घटनास्थल पर घायल अवस्था में पौड़ी गढ़वाल के थाना यमकेश्वर निवासी एक व्यक्ति सूरज कुमार (26 वर्ष) मिला जिसने पूछताछ में बताया कि पेट्रोल टैंकर (नं वड08इ- 6300) लेकर टिहरी जा रहे थे कि अचानक टैंकर चालक गाजियाबाद निवासी भूपेंद्र शर्मा (24 वर्ष) को झपकी आ जाने के कारण टैंकर अनियंत्रित हो गया और किनारे लगी लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए खाई में गिर गया।

नई पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे श्रीदेव सुमन : अनिता ममगाई

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया

नगर निगम महापौर अनिता ममगाई ने अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

गुरुवार को नगर निगम के स्व. इंद्रमणि बडोनी सभागार में सभागार में टिहरी जन क्रान्ति के महानायक श्रीदेव सुमन की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीदेव सुमन हिमालयी रियासतों में जनता को जागरूक करने के साथ ही उनकी समस्याओं को उठाने का काम भी करते रहे।

पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर लोक सेवा आयोग में बवाल

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों का गुस्सा कम होते नहीं दिख रहा है। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग का घेराव किया,और दोबारा रिजल्ट जारी करने की मांग की।

सोमवार को पुलिस कांस्टेबल के 1520 पदों पर परिणाम घोषित किया गया था। बेरोजगारों का आरोप है कि आयोग ने आरक्षण के नाम पर मैरिट जारी की है। उनका कहना है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई महिला एसी/ओबीसी/एसटी अभ्यर्थी किसी पुरुष एससी/ओबीसी/एसटी के

स्थान पर सीट पा रही है। आयोग ने आरक्षण का गलत प्रयोग किया है। फायरमैन के 445 पदों में से महिलाओं के लिए कुल 133 पद रिक्त थे और पुरुषों के लिए 312 पद, लेकिन आयोग ने 133 पदों के सापेक्ष मेरिट में 321 महिला अभ्यर्थियों को जगह दे दी जबकि पुरुषों के 312 पदों के सापेक्ष 124 पुरुष अभ्यर्थी चुने गए।

बेरोजगारों का कहना है आयोग उनकी बात तक नहीं सुन रहा है। आयोग ने जानबूझकर 2 ऐसे सही प्रश्नों को डिलीट किया है जिसके चलते कई मेहनती उम्मीदवार परिणाम से बाहर हो गए। आयोग ने 35 अभ्यर्थियों को फाइनल रिजल्ट से इसलिए बाहर कर दिया कि उनके सीने की माप और ऊंचाई कम थी। फिजिकल के समय जब इन 35 अभ्यर्थियों का माप-तौल हुआ तो उस वक्त इन्हें बाहर क्यों नहीं किया गया जो कई सवाल खड़े करता है।

विरोध करने वालों में सचिन, अभय, ओम प्रकाश, आशीष त्यागी समेत सैकड़ों लोगों के नाम शामिल है।

न्यूज फ्लैश

एचडीएफसी बैंक ने एक विशेष भर्ती प्रोग्राम के तहत नई भर्तियों की शुरूआत की

देहरादून। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने, फ्यूचर बैंकर्स 2.0 प्रोग्राम को लॉन्च किया है, जो युवा ग्रेजुएट्स को एक वर्ष के भीतर बैंकिंग प्रोफेशनल्स में बदलने के लिए एक ऑल इंडिया भर्ती कार्यक्रम है। मणिपाल ग्लोबल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के सहयोग से पेश किया जाने वाला, फ्यूचर बैंकर्स 2.0 एक साल का प्रोफेशनल डिप्लोमा है, जिसका उद्देश्य एचडीएफसी बैंक के रिटेल बैंकिंग बिजनेस - जो बैंक के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है - के मजबूत, भविष्य के लिए टेलेंट पाइपलाइन तैयार करना है। विनय राजदान, प्रमुख, मानव संसाधन अधिकारी, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि फ्यूचर बैंकर्स 2.0 पोस्टग्रेजुएट्स को प्रमाणित ग्रेट प्लेस टू वर्क पर अपना करियर शुरू करने का एक सुनहरा अवसर देता है। नयी भर्तियों को एक बैंकिंग इंडस्ट्री के लीडर के साथ काम करने के लिए एम्प्लॉयी को सर्वश्रेष्ठ लोगों के काम करने के तौर तरीकों को श्रेष्ठता से सीखने का मौका मिलेगा। फ्यूचर बैंकर्स 2.0 के तहत, स्टूडेंट्स को प्रतिस्पर्धी वेतनमान पर नौकरी पर प्रेक्टिकल ट्रेनिंग प्राप्त करने और इसीखने के दौरान कमाई के का एक अविश्वसनीय अवसर मिलेगा। एचडीएफसी बैंक कल के जिम्मेदार बैंकरों में नई भर्तियों को सलाह देने के लिए भावनात्मक रूप से निवेशित है। हम क्षमता और प्रदर्शन को पुरस्कृत करते हैं और सभी को समान अवसर देते हैं। मणिपाल ग्लोबल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के साथ हमारा निरंतर जुड़ाव संस्थान द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता और फ्यूचर बैंकर्स की सफलता का प्रमाण है।

गोवा पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने बाबा रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण से की औपचारिक भेंट

हरिद्वार। रोहन खौंटे, पर्यटन मंत्री, आईटी, ई एंड सी, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, गोवा सरकार, वर्तमान में गोवा और उत्तराखंड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर देहरादून में हैं, जिसका उद्देश्य दोनो राज्यों के रिश्तों को मजबूत करना है। पर्यटन मंत्री और उनकी टीम ने क्रमशः आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव से मिलने के लिए हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ और निरामयम का दौरा कर मुलाकात की । उन्होंने आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव को गोवा आमंत्रित किया और पर्यटन और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया, आध्यात्मिकता और आयुर्वेद के एकीकरण पर व्यापक चर्चा की। बाद में, मंत्री और उनकी टीम ने उत्तराखंड में गंगा के तट पर हरिद्वार में स्थित सबसे पवित्र घाटों में से एक, हर की पौड़ी घाट का दौरा किया। शाम को, खौंटे ने हर की पौड़ी में गंगा आरती में भाग लिया और गंगा दशहरा से पूर्व माँ गंगा का आशीर्वाद लिया।

एसटीएफ ने अंतर्राज्यीय हथियारों के सौदागर इस्त्याक उर्फ सोनू को दबोचा

उत्तराखंड राज्य में बढ़ते अवैध हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए एसटीएफ पूरी तरह सतर्क है

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

उत्तराखंड राज्य में बढ़ते अवैध हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए, एसटीएफ पूरी तरह सतर्क है। सीओ एसटीएफ और प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ ने अवैध हथियारों के तस्कर इस्त्याक उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। इस्त्याक के पास से 06 अवैध कन्ट्री मेड हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं।

तस्कर इस्त्याक उर्फ सोनू के बारे में उत्तराखंड एसटीएफ को बीती रात्रि गोपनीय सूचना मिली थी कि अवैध हथियार तस्कर इस्त्याक उर्फ सोनू के बारे में हथियारों की बड़ी खेप लेकर उत्तराखंड की सीमा पर आ रहा है। इस पर सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ

एमपी सिंह की टीम ने स्थानीय पुलभट्टा पुलिस से सम्पर्क कर बरा क्षेत्र में हथियार तस्कर इस्त्याक की घेराबन्दी की। एसटीएफ टीम को देखकर आरोपित हथियार तस्कर इस्त्याक ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ टीम ने बदमाश इस्त्याक को दबोच लिया गया।

पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपित इस्त्याक वर्ष 2008 से हथियारों की तस्करी कर रहा है। वह उत्तर प्रदेश के एटा, कानपुर मध्य प्रदेश के मुरैना, राजस्थान के अलवर से हथियार मंगवाकर उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में सप्लाई करता रहा है। इसके द्वारा अब तक करीब 400 पिस्टल/रिवाल्वर की तस्करी उत्तर प्रदेश व उससे लगे राज्यों में की जा चुकी है। आरोपित ने हथियारों की सप्लाई के लिए कोडवर्ड भी बना रखे ताकि बातचीत और फोन में किसी को शक ना हो। पिस्टल को (गाड़ी) व कारतूसों को कैप्सूल कहा जाता था। जो पिस्टल उसे 30 हजार में मिलती है, जिसे वह आगे 40 हजार रुपये में बेच देता था।

एसटीएफ की इस कार्रवाई में मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि और किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ अग्रवाल ने बताया गया कि पकड़ा गया अभियुक्त इस्त्याक उर्फ सोनू पड़ोसी राज्य उप्र का रहने वाला है और अवैध हथियारों का बड़ा सौदागर है जो उप्र और इससे लगे राज्यों में अवैध हथियारों का बड़ा नेटवर्क चला रहा था। इसके खिलाफ कई राज्यों में आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज हैं।

कोलगेट स्ट्रॉंग टीथ टूथपेस्ट एक नए फॉर्मूला के साथ फिर लॉन्च

देहरादून। भारत में अग्रणी ओरल केयर ब्रांड, कोलगेट ने अपने फ्लैगशिप उत्पाद कोलगेट स्ट्रॉंग टीथ टूथपेस्ट का लॉन्च एक नए फॉर्मूला के साथ किया है। इसमें कोलगेट की अद्वितीय आर्जिनाईन टेक्नॉलॉजी है, जो कैल्शियम को बढ़ाती है, यह टूथपेस्ट दाँतों को पोषण दे उन्हें दोगुना ज्यादा मजबूत बनाता है।

पूरे परिवार की ओरल जरूरतों के लिए, पसंद किया जाने वाला कोलगेट स्ट्रॉंग टीथ टूथपेस्ट अपने नए अभियान - पेस्ट ही नहीं, दाँतों का पोषण है ये! दाँतों के पोषण के महत्व को प्रदर्शित करता है।

उत्तराखंड को आज मिलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड में शुरू होने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। देहरादून से दिल्ली के बीच चलने वाले वंदे भारत एक्सप्रेस को गुरुवार सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए

ट्वीट कर प्रधानमंत्री का आभार जताया-"प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तराखंड का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रदेश में रेलवे ट्रैक का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण आपकी दूरदर्शिता एवं प्रतिबद्धता का ही प्रतिफल है। आज आपके कर कमलों से देहरादून- दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ रहा है। समस्त प्रदेशवासियों की ओर से आपका कोटि-कोटि आभार प्रधानमंत्री जी।'

कई सुविधाओं से लैस है वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है। इसमें आटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे हैं। चेयर को 180 डिग्री तक रोटेट किया जा सकता है। ट्रेन की औसत गति 60 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रेन में जीपीएस आधारित इंफॉर्मेशन सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, वैक्यूम टायलेट हैं।

बाल विधानसभा का द्वितीय सत्र गैरसैंण में 5 से 6 जून तक: खंडूड़ी

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष बाल विधानसभा के माध्यम से बच्चों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में परिचित कराना चाहती है। इसी के तहत नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, विधायक और अन्य लोगों का कार्य एवं व्यवहार कैसा हो? किस तरह क्षेत्र की बातें उठाई जाएं, इन सबका प्रत्यक्ष ज्ञान कराने के लिए बाल विधानसभा का आयोजन किया गया है। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 5 से 6 जून तक उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण की विधानसभा परिसर में बाल विधानसभा 2022 द्वितीय सत्र का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड बाल विधानसभा वर्ष 2014 में राज्य स्तर पर बच्चों को भारतीय लोकतंत्र की व्यवस्था एवं प्रणाली में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्लान इन्टरनेशनल के सहयोग से बाल विधान सभा का गठन किया गया है। इस आयोजन के लिए राज्य के सभी 13 जनपदों से 14 से 18 आयु वर्ग तक के 70 बालक-बालिकाओं को बाल विधायक चुना गया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड द्वारा गठित बाल विधानसभा के चयनित वाले विधायकों को संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन दिया जाता है। वर्ष 2022 में चतुर्थ बाल विधानसभा का गठन किया गया

था और 20 नवंबर चतुर्थ बाल विधान सभा के प्रथम सत्र आयोजित किया जा चुका है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया था और बाल विधानसभा के द्वितीय सत्र को गैरसैंण विधानसभा में आयोजित करवाने की घोषणा की गई थी। इसी के क्रम में 5 व 6 जून 2023 को बाल विधान सभा-2022 के द्वितीय सत्र का आयोजन गैरसैंण विधानसभा परिसर में किया जाएगा। बाल विधानसभा सत्र 06 जून को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण बतौर मुख्य अतिथि सत्र में प्रतिभाग करेंगी। और विधानसभा के सत्र संचालन एवं विधायी कार्यों से जुड़ी जानकारी बाल विधायकों के साथ साझा करेंगी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाल्यकाल से ही बच्चों को देश और प्रदेश के विकास के प्रति उन्हें जागरूक करना और उनमें सकारात्मक सोच को पैदा करना है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेंगे जी-20 देश, सम्मेलन से निकलेगा विश्व के लिए रास्ता: अजय भट्ट

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

जी-20 सम्मेलन की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक गुरुवार को नरेन्द्र नगर में शुरू हो गई। बैठक में जी-20 देशों के करीब 90 करीब प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इस मौके पर केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में बैठक से निकला मंथन विश्व को राह दिखाएगा।

गुरुवार को नरेन्द्र स्थित एक होटल में जी-20 सम्मेलन की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किया। यह बैठक 27 मई तक चलेगी। इससे पहले यह बैठक हरियाणा के गुड़गांव में हुई थी और इसकी तीसरी बैठक कोलकाता में होगी।

इसके बाद केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में उत्तराखंड में दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक पर खुशी

जताते हुए कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार की कल्पना को लेकर काम किया जा रहा है। पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम के साथ प्रगति, विकास लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार निवारण के प्रयासों पर विचार-विमर्श एवं मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर व्यापक अभियान के तौर पर लिए जाने की आवश्यकता है। इस लड़ाई को संयुक्त रूप से लड़ाई लड़ने के साथ ही ग्लोबल लेबल पर सहयोग की जरूरत है।

उत्तराखंड के टिहरी के नरेंद्र नगर में आयोजित जी-20 की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप के इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और 9 अंतराष्ट्रीय संगठनों के 90 से अधिक प्रतिनिधि एसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक में चर्चा को आगे बढ़ाएंगे।पत्रकार वार्ता में भारत सरकार के कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग के संयुक्त सचिव रजत कुमार मौजूद रहे।

संपादकीय

मोदी के नेतृत्व में इतिहास रचती केन्द्र सरकार

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय से कार्य करके अपनी छाप छोड़ चुके नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति का असली सफर 26 मई 2014 से उस वक्त शुरू हुआ जब राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समारोह में उन्होंने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। हालांकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही मोदी अपनी ओजस्वी वाकपटुता व दमदार व्यक्तित्व के दम पर देश के आम जनमानस के बीच बेहद कम समय में जगह बनाने में कामयाब हुए और इस चुनाव में अपनी अथक मेहनत के दम पर भाजपा को शीर्ष पर पहुंचा दिया। उसके बाद भी बहुत सारे ऐसे क्षण आये जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बार-बार इतिहास रचने का कार्य किया। आज अधिकांश देशवासियों का मत है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां भाजपा को देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाकर संगठनात्मक स्तर पर इतिहास रचने का कार्य किया है, वहीं नौ वर्षों के शासनकाल में मोदी सरकार ने अपने बहुत सारे साहसिक निर्णयों से इतिहास रचने वाली बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की हैं। आम जनमानस का मानना है कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देशवासियों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवहन, सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण नियंत्रण, सहकारिता के क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र, देश के विभिन्न क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट आदि के लिए बहुत कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश में निरंतर आम जनमानस के हित के लिए बहुत सारी जनहितकारी योजनाओं को केन्द्र सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के काल में 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना व सभी देशवासियों को कोविड़ महामारी से सुरक्षित रखने के लिए टीका लगवाना मोदी सरकार के कार्यों की एक बानगी मात्र है। आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय सड़कों का जाल पूरे भारत में बना दिया गया है, सड़क निर्माण के क्षेत्र में आये दिन केन्द्र सरकार नित-नए कीर्तिमान बनाने का कार्य कर रही है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों से चले आ रहे एक गहरे जख्म को पूरी तरह से ठीक करने का कार्य करते हुए, हर देशभक्त भारतीय को गर्व से परिपूर्ण करने का कार्य किया। अब देश को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित संसद भवन देने जा रही नरेन्द्र मोदी की सरकार इस क्षेत्र में भी कीर्तिमान रचने जा रही है। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जिस तरह से सीमावर्ती क्षेत्रों में मोदी सरकार में सड़क निर्माण का बहुत तेजी से कार्य हुआ वह काबिल-ए-तारीफ है। देश में काले धन व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी का निर्णय इतिहास में दर्ज हो गया है। आज भारत की सेना चीन व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य कर रही है। सेना के सपूतों को जंग लगे पुराने हथियारों व अन्य सभी पुराने व घटिया स्तर के साजो-सामान से मुक्ति देने और नित नए अत्याधुनिक हथियार व साजो-सामान खरीद का काम निरंतर किया जा रहा है। भारत में हथियारों का निर्माण करके सेना के सभी अंगों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गांव, गरीब व किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गरीबों के लिए पक्का घर, हर घर शुद्ध पेयजल और 80 करोड़ लोगों के राशन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि शुरू की गई।

क्या विपक्ष अपनी एकता बताना चाहता है?

सुनील कुमार महला

> "उद्घाटन की तारीख पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इस दिन सावरकर की जयंती है। दूसरा विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री सदन का हिस्सा और शासन प्रमुख होने के नाते अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं और उन्हें उस तरह की निर्विवाद हैसियत हासिल नहीं होती, जो संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति को प्राप्त होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि इस सुझाव पर विपक्ष को सामान्य स्थिति में कितना जोर देना चाहिए था। क्या इसे इस सीमा तक खींचना जरूरी था कि उस आधार पर समारोह का ही बहिष्कार कर दिया जाए? निश्चित रूप से विपक्ष का यह स्टैंड सहज-स्वाभाविक नहीं कहा जाएगा। यह इस बात का सबूत है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेदों की खाई बहुत ज्यादा चौड़ी हो चुकी है। दोनों के बीच विश्वास का संकट पैदा हो गया है"

नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बॉयकॉट को लेकर 19 राजनीतिक दल एकजुट क्या हुए, कयास लगना शुरू हो गया कि इस मसले पर विपक्षी एकता दिख रही है। इस एकता को 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखा जाने लगा है। लेकिन यह एकता कितने समय तक टिक पाएगी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कुछ विपक्षी दल इस मसले पर अब धीरे-धीरे केंद्र सरकार का साथ देते हुए नजर आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की अगुवाई वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी नए संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार में विपक्षी दलों के साथ नहीं आएगी। वहीं ओडिशा में नवीन पटनायक की अगुवाई वाली बीजू जनता दल ने भी नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल होने का ऐलान किया है। इसके अलावा भारत राष्ट्र समिति के सांसद गुरुवार को फैसला करेंगे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विपक्षी एकता कितनी मजबूत है। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बताया था कि नए संसद भवन में 'सेंगोल' (राजदंड) की स्थापना की जाएगी। शाह ने बताया कि संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही एक ऐतिहासिक परपंरा भी फिर से जीवित होगी। उधर राजनीतिक जानकारों ने तंज कसा है कि सेंगोल की गदा से अमित शाह ने विपक्ष को तितर-बितर करने की कवायद शुरू कर ही है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्ष, बीजेपी के खिलाफ लामबंद होने का दावा कर रहा है। विपक्ष का दावा है कि वह बीजेपी को मात देने की तैयारी में जुटा है। लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विपक्ष एकजुटता का एक मैसेज तक तो देश के आगे रखने सफल नहीं हो पाया है। ऐसे में लोकसभा चुनावों में सीटों के बंटवारा किस आधार पर करेंगे। भले 19 विपक्षी दल समारोह के विरोध में हों, लेकिन कई दल सरकार के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, के. चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नए संसद भवन आयोजन से दूर रहने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए एक अलग बयान जारी करेगी। पिछले कुछ महीनों में विभिन्न मुद्दों पर मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के बावजूद, बीआरएस का संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं बनने का फैसला विपक्षी खेमे की खामियों को दशार्ता है। इस साल दिसंबर में होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस, बीजेपी त्रिकोणीय मुकाबले में एक दूसरे के खिलाफ खड़े होंगे। ऐसे में वह विपक्षी एकता से दूरी बनाने में ही भलाई समझ रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले शनिवार को अपने नवगठित कर्नाटक सरकार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह में केसीआर को आमंत्रित नहीं किया था। जबकि बीआरएस नेताओं ने लोकसभा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की अयोग्यता की आलोचना की थी और अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग को लेकर संसद में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी के खिलाफ एक साझा मंच पर लाने के अपने प्रयासों के तहत हाल के सप्ताहों में विभिन्न क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मुलाकात की है। अब तक केसीआर से मिलने से भी परहेज किया है। विपक्षी सूत्रों ने हालांकि कहा कि केसीआर ने पिछले साल अगस्त में पटना में नीतीश से मुलाकात की थी और गैर-बीजेपी मोर्चे के प्रस्ताव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। एक तरफ कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने उद्घाटन का बहिष्कार किया तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार को मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी , चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी , वाईएसआर कांग्रेस, एआईएडीएमके और अकाली दल का समर्थन प्राप्त हुआ। यह तमाम दल उद्घाटन समारोह में शिरकत कर सकते हैं। मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उधर सुखबीर बादल की अगुवाई वाला अकाली दल 2021 में मोदी सरकार के तीन अब निरस्त कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के दौरान एनडीए से बाहर हो गया था। सोमवार को अकाली दल ने भाजपा के साथ फिर से गठबंधन की संभावना की अटकलों को खारिज कर दिया, लेकिन अन्य विपक्षी दल उसकी चालों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने मोर्चा खोला है। 19 राजनीतिक दलों ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने बिल्डिंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवाने पर बीजेपी को घेर लिया है। वह इसे राष्ट्रपति का अपमान बता रहे हैं। वहीं उन्होंने उद्घाटन की तारीख पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इस दिन सावरकर की जयंती है। दूसरा विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री सदन का हिस्सा और शासन प्रमुख होने के नाते अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं और उन्हें उस तरह की निर्विवाद हैसियत हासिल नहीं होती, जो संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति को प्राप्त होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि इस सुझाव पर विपक्ष को सामान्य स्थिति में कितना जोर देना चाहिए था। क्या इसे इस सीमा तक खींचना जरूरी था कि उस आधार पर समारोह का ही बहिष्कार कर दिया जाए? निश्चित रूप से विपक्ष का यह स्टैंड सहज-स्वाभाविक नहीं कहा जाएगा। यह इस बात का सबूत है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेदों की खाई बहुत ज्यादा चौड़ी हो चुकी है। दोनों के बीच विश्वास का संकट पैदा हो गया है। यही चिंता की सबसे बड़ी बात है। गौरतलब है कि विपक्षी दलों ने भी अपने संयुक्त बयान में इस बात का संकेत दिया है कि मामला सिर्फ इस एक मुद्दे का नहीं है। सरकार समय-समय पर ऐसे कई कदम उठाती रही है जिन्हें विपक्ष अपने ऊपर हमला या सदन की तौहीन के रूप में देखता रहा है। चाहे बात राहुल गांधी की सांसदी छिनने की हो या तीन कृषि कानूनों को संसद से पारित कराने के ढंग की या फिर दिल्ली में नौकरशाही को हर हाल में अपने अधीन रखने के केंद्र के प्रयासों की, इन सब पर सरकार का अपना पक्ष है और उसके अपने तर्क हैं, लेकिन विपक्ष की भी अपनी शिकायतें हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार की ओर से विपक्ष तक पहुंच कर उसे अपनी बात समझाने या उसका पक्ष समझने की ऐसी कोई कोशिश भी नहीं दिख रही, जिससे विपक्ष को ऐसा लगे कि सरकार को उसकी भावनाओं की फिक्र है। मौजूदा मामले को ही लें तो अगर सरकार विपक्ष को साथ लेते हुए आगे बढ़ती तो ये मुद्दे समय पर उसके संज्ञान में आ जाते और तब बहुत संभव था कि बातचीत से ऐसी कोई राह निकल जाती, जिससे कम से कम बहिष्कार की नौबत नहीं आती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब इस पर सिर्फ अफसोस ही जताया जा सकता है। अमित शाह कह रहे है कि आजादी के 75 साल बाद भी अधिकांश भारत को इस घटना के बारे में जानकारी नहीं है। 14 अगस्त, 1947 की रात को वह एक विशेष अवसर था, जब जवाहर लाल नेहरू ने तमिलनाडु के थिरुवदुथुराई आधीनम (मठ) से विशेष रूप से पधारे आधीनमों (पुरोहितों) से सेंगोल ग्रहण किया था। पंडित नेहरू के साथ सेंगोल का निहित होना ठीक वही क्षण था, जब अंग्रेजों द्वारा भारतीयों के हाथों में सत्ता का हस्तांतरण किया गया था। हम जिसे स्वतंत्रता के रूप में मना रहे हैं, वह वास्तव में यही क्षण है। इस एतिहासिक 'सेंगोल' के लिए संसद भवन ही सबसे अधिक उपयुक्त और पवित्र स्थान है। ये संसद आज भी है और सालों बाद जब हम में से कोई नहीं होगा, तो उस आने वाली पीढ़ी के भारतीयों को भी ये हमेशा गर्व करने का मौका देगा कि ये 'आजाद भारत में बना हुआ अमृतकाल का हमारा संसद भवन है'।

वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार

कविता

कभी घड़ी दो घड़ी
बैठकर
उसकी चारपाई के पास
तुम भी बतियाना
उस बूढ़ी मां के संग
जो पिछले ढ़ाई-तीन
महीने से
इंतजार कर रही है
मौत का
पर
मौत है कि आती ही नहीं
जिंदगी के पल अब
कटते ही नहीं
चहारदीवारी
कचौटती है क्षण-क्षण
महसूस करना कभी उस
बूढ़ी माई के अंतर्मन की
फैलती-सिकुड़ती
संवेदनाओं को
वो कुछ कहना चाहती है
शायद
लेकिन
तुम हो कि सुनते ही नहीं
कभी
झांकते ही नहीं उसके
कमरे की ओर
किस उधेड़बुन में तुम
खोये हो ?
लालच, स्वार्थ की दुनिया
से क्यों नहीं हो तुम परे
?
तुम साथ नहीं दे रहे
तुमने दिया साथ
जब तक तुम्हें जरूरत
थी
अब तुमने
कृशकाय काया को
तिनके की तरह
फेंक दिया है निकालकर
लोग दिखावे के लिए
तुमने जमा रखी है
उसकी चारपाई
जहाँ कोई आता-जाता
नहीं
तुमने खरीद ली है एक
नर्स
पैसे वाले जो तुम हो गये
हो
लेकिन मां कभी खरीदी
नहीं जाती याद रखना
तुम यह भी याद रखना
कि
बूढ़ा तुम्हें भी होना है
एक दिन
सभी में आने हैं ये दिन
अहसास तुम्हें भी होगा
इक दिन
कि
बड़ा कठिन होता है
नब्बे पार का जीवन
बिना सहारे का
जीवन...!

सुनील कुमार

आँधी हो तूफान घिरा हो, पथ पर कभी नहीं रूकना है

सुनील कुमार महला

अज्ञात ने बेटियों के बारे में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में यह लिखा है कि-'जरूरी नहीं रौशनी चिरागों से ही हो। बेटियाँ भी घर में उजाला करती हैं।' आज बेटियां समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दे रहीं हैं और अपने परिवार, समाज व देश का नाम रौशन कर रहीं हैं। सच तो यह है कि बेटियों से जीवन जन्नत है,बेटी जीवन पर बोझ नहीं है। बेटियां खुदा की नियामतें होतीं हैं। किसी ने क्या खूब कहा है कि-'खुश्बू बिखेरती फूल है बेटी, इंद्रधनुष का सुंदर रूप है बेटी, सुरों को सुंदर बनाने वाली साज है बेटी, हकीकत में इस धरती का ताज है बेटी।' हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग यानी कि यूपीएससी का परिणाम घोषित हुआ है। यह हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष के साथ गौरवान्वित करने वाला विषय है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की परीक्षा में हमारे समाज, हमारे देश की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। हमने देखा कि शीर्ष चार स्थानों पर बेटियों का ही दबदबा रहा है। बेटियों ने इस कठिन परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़ कर यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी मायनों में बेटों से कमतर नहीं हैं।यह हमारे भारतीय समाज की बहुत पुरानी और रूढ़िबद्ध धारणा रही है कि बेटियां चूल्हा चौका के सिवा और कुछ भी काम नहीं कर सकती हैं, और हम ये मानते आए हैं कि बेटियां घर में ही रहें तो ठीक है, इनका बाहर की दुनिया से कोई वास्ता नहीं है। सदियों सदियों से यही रूढ़िबद्ध धारणा हमारे समाज में चली आ रही हैं और कहने को आज भी हम बेटियों के बारे में यह कहते हैं कि बेटा और बेटी समान है लेकिन समाज की सोच बेटियों के प्रति आज भी कहीं न कहीं बेटों के समान नहीं है ? । सिमोन द बोउवार का कथन है, स्त्री पैदा नहीं होती, बनाई जाती है। समाज अपनी आवश्यकता के अनुसार स्त्री को ढालता आया है। उसके सोचने से लेकर उसके जीवन जीने के ढंग को पुरुष अभी तक नियंत्रित करता आया है और आज भी करने की कोशिश करता रहता है। सच तो यह है कि पितृसत्तात्मक समाज ने वह सब अपने अनुसार तय किया है और आज भी हमारा समाज पुरूष प्रधान समाज की सोच से बाहर नहीं निकल पा रहा है, लेकिन समाज की यह सोच गलत है, क्यों कि अकेला पुरूष ही समाज को कभी आगे नहीं ले जा सकता है।

समाज को आगे ले जाने में जितनी भूमिका पुरूषों की है, महिलाओं की भूमिका भी पुरूषों से कम नहीं है, बल्कि यह बराबर व समान है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि समाज की सोच में बेटियों के प्रति कोई बदलाव नहीं आए हैं। धीरे धीरे समाज की सोच बदलने लगी हैं और आज हम देखते हैं कि बेटियों के जन्म पर भी बेटों के जन्म की तरह ही थालियां बजाई जाती हैं, मिठाई बांटी जाती है, खुशियां मनाई जाती हैं, पार्टियों , फंक्शन्स तक का आयोजन किया जाता है।

विचार

क्या पर्यावरण की कीमत पर होना चाहिए सौर ऊर्जा का विकास?

अमरपाल सिंह वर्मा-

बिजली की जरूरत लगातार बढ़ रही है। इस जरूरत को पूरा करने के लिए विश्व भर में पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से निर्भरता करने पर जोर दिया जा रहा है। नवीन ऊर्जा स्त्रोतों पर पूरी दुनिया का ध्यान है। इन नए स्त्रोतों में सौर ऊर्जा प्रमुख है। हाल के कुछ सालों में राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन का केन्द्र बनता जा रहा है। राज्य के जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जिलों में सौ ऊर्जा के विशाल प्लांट लग रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह विशाल प्लांट भविष्य की जरूरत के मुताबिक बिजली उत्पादन करेंगे लेकिन इसी के साथ सौर ऊर्जा की वजह से पर्यावरण को नुकसान होने के कारण चिंताएं जताई जा रही हैं। राजस्थान में सौर ऊर्जा प्लांटों के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, जलस्त्रोतों के सूखने, पक्षी, कीट-पतंगे कम होने पर पर्यावरण विद् फिक्रमंद हैं। सवाल किया जा रहा है कि क्या सौर ऊर्जा का विकास पर्यावरण की कीमत पर होना चाहिए? सरकारों की नीतियां नवीन ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के पक्ष में हैं। केन्द्र और सभी राज्यों की सरकारें न केवल बड़ी कंपनियों को सोलर प्लांट लगाने के लिए अधिकाधिक सुविधाएं दे रही हैं, बल्कि आम लोगों को भी सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा ऐसा माध्यम है, जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होने की बात कही जाती है। माना जाता है कि कोयले, परमाणु और गैस से जो बिजली बनती है, उससे प्रदूषण होता है। सौर ऊर्जा को अपना कर हम इस प्रदूषण से बच सकते हैं। ऐसे में राजस्थान में सौर ऊर्जा स्त्रोतों के कारण पर्यावरण को नुकसान का सवाल क्यों उठ रहा है, इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन इससे पहले हम जान लेते हैं कि देश में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा प्लांट राजस्थान में क्यों लग रहे हैं? राजस्थान में साल के 365 में से 325 दिनों में पर्याप्त धूप उपलब्ध रहती है। कुदरत का यह आशीर्वाद अन्ये राज्यों को नहीं मिला है। राजस्थान में गर्मियों में दिन का पारा 50 डिग्री के नजदीक पहुंच जाता है। पश्चिमी राजस्थान में सौर ऊर्जा प्लांटों के लिए सरकारी और निजी भूमि भी बहुतायत में उपलब्ध है। जो भी कंपनी सौर प्लांट लगाना चाहती है, उसे जमीन आसानी से मिल जाती है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर राज्य सरकार ने कई नीतिगत बदलाव किए हैं, जिससे राजस्थान सौर ऊर्जा को गति मिली है। गहलोत सरकार ने राजस्थान को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति 2019 जारी की। इसके अलावा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन स्कीम-2019 (रिप्स) में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान भी किए गए। सरकार की उदार नीति के प्रभाव से राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान देश में पहले स्थान पर आ चुका है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की ओर से वर्ष 2021 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य की कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 7,738 मेगावाट की है। राजस्थान 7737.95 मेगावाट सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ कर्नाटक को पीछे छोड़ते हुए देश में पहले पायदान पर आ गया है। गुजरात 5708 मेगावाट क्षमता के साथ तीसरे, तमिलनाडु 4675 मेगावाट क्षमता के साथ चौथे तथा आंध्र प्रदेश 4380 मेगावाट के साथ पांचवे स्थान पर है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान ने अब तक 16000 मेगावाट से ज्यादा प्रतिदिन सौर ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है। एक हजार मेगावाट का मतलब एक गीगावाट होता है।

राज्य की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से बेहद अनुकूल है, जिसके दृष्टिगत प्रदेश में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का आकलन किया गया है।

इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में राज्य सरकार ने कारगर योजना बनाकर प्रभावी कदम उठाए हैं। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 तक 30 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 2245 मेगावाट क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क जोधपुर के भड़ला में 14 हजार एकड़ (करीब 50 हजार वर्ग किमी) में स्थापित किया गया है। इस पार्क में नौ सौ कंपनियां सोलर प्लांट लगाने की ख्वाहिशमंद हैं और 18 बड़ी कंपनियां 36 सोलर प्लांट स्थापित कर चुकी हैं।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

सिंध प्रांत बलूचिस्तान अलग होने की तैयारी में

संजीव ठाकुर

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्री ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों की सजा अब मिलने वाली है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है इमरान खान की गिरफ्तारी ने जनता और सेना को आमने सामने खड़ा कर दिया गया और 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया था पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ दिया गया। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान मैं आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में मार्शल लगाने की तैयारी में और इमरान शान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। 7000 इमरान समर्थक लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ,सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं।

टपोरी यंत्र

डॉ. सुरेश कुमार

टपोरी कई वर्षों तक राजस्व विभाग में काम करते हुए एक अनोखे यंत्र का आविष्कार कर डाला। यह यंत्र उस जमाने में आकर्षण का केंद्र बना रहा और इसी के चलते उसका स्थानांतरण भी हुआ। सवाल यह उठता है कि उस यंत्र में ऐसा क्या था जो उसके स्थानांतरण पर बन आयी। अब आप जानते ही हैं कि सरकारी कार्यालय में तरह-तरह के लोग आते रहते हैं। इनमें कौन मंत्री जी का रिश्तेदार है, कौन कांट्रैक्टर के ईर्द-गिर्द घूमने वाला बंदा है और कौन ऊपर तक पहुँच रखने वाला है की पहचान एक यंत्र बिना मुँह खोले चुटकियों में सामने वाली पार्टी के सारे अंतर्भेद यूँ बता सकता था। अब किस्मत कहें या बदकिस्मती कि जिस दिन इस यंत्र का लोकार्पण हुआ उसी दिन कार्यालय में आकस्मिक जाँच के नाम पर संबंधित मंत्री जी आ धमके और सीधे टपोरी के सामने वाली सीट पर बैठ गए। यंत्र के लिए राजा-रंक एक समान थे। सो, मंत्री जी की कई गोपनीय बातें टपोरी को पता चल गयीं। मंत्री जी कुछ कहते उससे पहले ही टपोरी उनकी पोल खोल बैठा। पहले तो मंत्री जी को खूब गुस्सा आया। वह क्या है न कि कुर्सी पर बने रहने के लिए गुस्से को दूर रखना पड़ता है। इसलिए मंत्री जी ने टपोरी को नौकरी से बर्खास्त करने की जगह उसे उसके यंत्र के साथ अपने कार्यालय में नियुक्त कर दिया। यहाँ टपोरी का एक मात्र काम नए-नए फामूर्ले खोज निकालना था। इसी कड़ी में उसने एक नया फामूर्ला खोज निकाला झ ह्यएक में दो।ह्ल बहुत जल्द उसका फामूर्ला लोगों की जुबान पर चढ़ गया। एक दिन किसी काम से वह मेरे पास आया। मैंने उसके फामूर्ले की जाँच के लिए जानबूझकर जेब से एक मात्र सौ रुपए की नोट निकालकर पूछ बैठा यह कितने नोट हैं? तुरंत टपोरी ने कहा झ दो। मेरा सिर चकराया। मैंने पूछा वह कैसे? तो उसने कहा कि इसमें दो पचास की नोट हैं।

उसकी बात में लॉजिक था। इसलिए मैं चुप बैठ गया। तभी मेरी लड़की आयी और टपोरी को नमस्ते करने लगी। वह मेरी इकलौती लड़की थी। मैंने फिर से उसे पूछ बैठा मेरी कितनी लड़की है? उसने कहा झ दो। इस बार मेरा सिर और बुरी तरह से चकरा गया। मैं फिर पूछ बैठा वह कैसे? उसने कहा झ वह तुम्हारी लड़की है।

यूनाईटेड इंश्योरेंस कंपनी ने बच्चों को वितरीत की स्कूल ड्रेस

बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूतें, दो सिलाई मशीन एवं दो सीलिंग पंखें दिये गये

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
दी यूनाईटेड इंश्योरेंस कंपनी पानीपत के सहयोग से सेवा भारती द्वारा संचालित शिक्षा केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को बृहस्पतिवार को जाटल रोड रेलवे ओवर ब्रिज के पास स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूतें, दो सिलाई मशीन एवं दो सीलिंग पंखें दिये गये। स्कूल की अध्यापिकाओं को गिफ्ट एवं एनपीए इंश्योरेंस पॉलिसी भी प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ संजय जोशी, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक शर्मा, वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक पानीपत आरजे कौल, शाखा प्रबंधक पानीपत रजनी भाटिया, शाखा प्रबंधक सोनीपत कमल देशवाल, सूक्ष्म कार्यालय कुंडली से अंकित कुमार, सूक्ष्म कार्यालय गन्नौर से सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों के समर कैंप का उदघाटन रिबन काटकर किया गया। वहीं दीपिका सिंगला ने मंच संचालन किया एवं बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सुरेश रावल ने बताया कि सेवा भारती शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करती है और इस समय पानीपत में करीब 600 बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा सुरेन्द्र सिंगला द्वारा की गई। इस अवसर पर कंपनी की ओर से नरेश रहेजा, जतिन कुमार आदि एवं सेवा भारती से जिला अध्यक्ष अनिल मित्तल, पवन अरोड़ा, ईश्वर नंदा, संजीव महाजन, राजवीर, मामन गुप्ता, गौरव सिंगला, संदीप हिरनवाल, सतीश गुप्ता, श्याम ग्रोवर, चंचल खन्ना, सिम्मी सलूजा, समृद्धि जैन, सुधा बत्रा व सुलक्षणा आदि उपस्थित रहे।

सेमिनार में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एक दिवसीय सेमिनार लगाकर आंगनवाड़ी वर्करों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। सेमिनार में सीडीपीओ निर्मला देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को किश्तों में 5000 रुपये की मदद प्रदान की जाती है। केंद्र व राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम कर रही महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मातृत्व लाभ प्राप्त करने की योग्य महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र या एक ऐसे सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना होता है। पंजीकरण अंतिम मासिक धर्म के 150 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर को योजना का प्रचार करने और हर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए।

न्यूज फ्लैश

युवा करनाल के आईडीटीआर सेंटर में लें प्रशिक्षण : अनीश यादव

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहन चालकों को सड़क नियमों की उचित जानकारी और ड्राइविंग का प्रशिक्षण होना जरूरी है। प्रशिक्षण के लिए करनाल में करोड़ों रुपए की लागत से इंस्टीच्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आई.डी.टी.आर.) सेंटर खुला हुआ है, जिसमें दुपहिया वाहन से लेकर हैवी वाहनों को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में एजेंडा बिन्दुओं पर चर्चा कर उनकी समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि आई.डी.टी.आर. में स्मार्ट क्लास रूम, टैस्टिंग ट्रैक, ड्राईविंग लैब, सिमुलेटर, एडवांस ड्राईविंग टैस्ट तथा कैंटीन व हॉस्टल जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। लर्नर कोर्सों में थ्यौरी और प्रैक्टिकल करवाया जाता है, लाईट व हैवी व्हीकल के कोर्स, 21 दिन से लेकर 30 दिन तक के हैं। अब तक 651 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कोर्स करने के बाद प्रशिक्षक को वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों की समूची जानकारी हो जाती है तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।

विवादित सरपंच के घर सीएम ने नहीं ली चाय की चुस्की

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा
नारनौल। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जिला के गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से रुबरु हो उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री के जनसंवाद के अंतिम पड़ाव गांव सिहामा में रहा। जहां मुख्यमंत्री लोगों मिले और समस्याओं पर गौर फरमाया। कार्यक्रम के बाद सरपंच के घर चाय का प्रोग्राम सुनिश्चित किया गया था, किसकी पुष्टि खुद सामाजिक न्याय मंत्री ओम प्रकाश यादव ने की थी। चाय का प्रोग्राम सुनिश्चित होते ही गांव सिहमा में सनसनी फैल गई कि पंचायत में विभिन्न घोटालों के आरोपी के घर यदि मुख्यमंत्री चाय पानी का प्रोग्राम करते है तो निश्चित रूप से उनकी छवि प्रभावित होगी। घोटालों के बारे में विस्तृत समाचार 23 मई के दैनिक एक्शन इंडिया अखबार में प्रकाशित हुआ। समाचार प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और सरपंच के खिलाफ लगे सभी आरोपों की सुची सीएम स्टाफ को दी गई। आरोपों की गहराई को देखते हुए सीएम स्टाफ ने सरपंच के घर चाय का प्रोग्राम तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया गया और सिर्फ पत्रकारों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री का काफिला अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गया। जैसे ही ग्रामीणों को पता चला कि सरपंच के घर चाय प्रोग्राम के कैंसिल होने का पता चला तो सभी ने प्रिंट मीडिया विशेष रूप से दैनिक एक्शन इंडिया अखबार को बधाई दी और कहा कि आज भी कलम में वो ताकत जिंदा है, जिसकी बदौलत सच्चाई को सामने लाया जा सकता है।

यूपीएससी के लिए चयनित छात्रा अभिरुचि रही थी सीबीएसई टॉपर, पीएम से मिला था सम्मान

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा
नारनौल। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा में जीएल स्कूल कनीना की पूर्व छात्रा अभिरुचि निवासी स्याना ने 317 रैंक प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के निदेशक एडवोकेट जेपी लोढा ने बताया कि अभिरुचि ने अपनी प्राथमिक स्कूली शिक्षा कक्षा एलकेजी से 12वीं तक जीएल स्कूल कनीना से पूरी की। अभिरुचि ने दसवीं में भी सीबीएसई बोर्ड से टॉप किया था जिससे उन्हें दिल्ली में 26 जनवरी पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया था। वर्ष 2013 में 12वीं नॉन मेडिकल से पास की। स्कूल के सीईओ सुभाष लोढा ने बताया की अभिरुचि ने दसवीं कक्षा में ही ठान लिया था कि उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करनी है और इसलिए बीटेक के बाद कोई जॉब ज्वाइन नहीं की और अपना पूरा समय इस परीक्षा को देकर सफलता हासिल की।

सेमिनार में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एक दिवसीय सेमिनार लगाकर आंगनवाड़ी वर्करों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। सेमिनार में सीडीपीओ निर्मला देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को किश्तों में 5000 रुपये की मदद प्रदान की जाती है।

केंद्र व राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम कर रही महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मातृत्व लाभ प्राप्त करने की योग्य महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र या एक ऐसे सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना होता है। पंजीकरण अंतिम मासिक धर्म के 150 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर को योजना का प्रचार करने और हर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए।

'जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 मई को'

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक वीरवार 29 मई को, प्रातः 11 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित होगी। हरियाणा सरकार के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कष्ट निवारण समिति के सभी सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यगण भाग लेंगे। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि बैठक में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष एवं शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित 12 मामले रखे जाएंगे। इनमें पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, बैंक, उप आबकारी एवं कराधान विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम से संबंधी शिकायतें शामिल हैं।

व्यक्तित्व विकास के लिए जीवन का नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक : डॉ .अशोक

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)
विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए, हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए जीवन का नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने गुटखा के विषय में बताया कि इसे बनाने के लिए कचरे एवं कांच के चूरे का उपयोग किया जाता एक बार गुटखा खाने से जीभ व गाल कट जाते हैं जिससे बार बार इसे खाने की लत लग जाती है परिणाम सवरूप इससे कैंसर आदि जैसे रोग शरीर को घेर लेते है। उन्होंने सकारात्मक सोच बढ़ाने एवं ईश्वर द्वारा दी गई प्रकृति की रक्षा के लिए युवाओं से आवाहन किया। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा ड्रग्स के नशे को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने खुले में मिलने वाले एवं प्रतिबंधित नशे के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम सबकी भागीदारी से ही यह समाज स्वस्थ एवं नशामुक्त हो सकता है। इस नशे के कारण अनेको परिवार टुट एवं बिखर जाते है तथा समाज में अपराध बढ़ता है। उन्होंने आवाहन किया है कि हम सभी मिलकर नशे को पराजित करेंगे तथा देश को नशा मुक्त बनाएंगे। उन्होंने ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो ब्यूरो के हेल्प लाइन नंबर 9050891508 पर सूचना दें और नशा मुक्त समाज बनाने में अपना योगदान दें।

केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने केयू कुलपति का किया आभार व्यक्त

केयू कार्यकारिणी परिषद में प्रधान रामकुमार गुज्जर प्रतिनिधित्व को मिला स्थान

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की आयोजित बैठक में गुरुवार को कुटिया प्रधान रामकुमार गुज्जर ने केयू कार्यकारिणी परिषद में प्रतिनिधित्व को शामिल किए जाने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कुटिया पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी परिषद में कुटिया को प्रतिनिधित्व मिलना बड़े गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कुटिया के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने सहायक कुलसचिव के दो पदों पर गैर-शिक्षक कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए भी प्रशासन का आभार प्रकट किया। महासचिव अनिल लोहट ने बताया कि विश्वविद्यालय की सुप्रीम बॉडी कार्यकारिणी परिषद की बैठक में सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों के मुद्दों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से कुटिया प्रधान को आमंत्रित किया गया था।

सहायक कुलसचिव के दो पदों पर गैर-शिक्षक कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए भी प्रशासन का आभार प्रकट किया

इस अवसर पर बैठक में कुटिया प्रधान सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया। इसके साथ ही बैठक में कुटिया की ओर से कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला का भी विशेष आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर कुटिया द्वारा इस खुशी के मौके पर लड्डू बांटे गए। बैठक में कुटिया पदाधिकारियों सहित समस्त गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए किरायेदारों की वेरिफिकेशन में कोताही न बरतें

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
जिला में शांति व कानूनी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने सभी किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के दिशा निर्देश दिए है। जिला पुलिस द्वारा किरायेदारों की वेरिफिकेशन के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियो पर नियंत्रण पाने हेतु घरों में बाहर से आये हुए किरायेदारों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। कुछ अपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है, उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है। सुरक्षा के दृष्टिगत वेरिफिकेशन को गम्भीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। अवहेलना करने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आप नेता राकेश मुंजाल बने प्रदेश के संयुक्त सचिव, कार्यकताओं ने किया स्वागत

पानीपत,25 मई/टीम एक्शन इंडिया। आप के वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख समाजसेवी राकेश मुंजाल को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक द्वारा बृहस्पतिवार को घोषित की गई प्रदेश कार्यकारिणी में स्टेट जॉइंट सेक्रेट्री बनाया गया है। वहीं पूर्व जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा को करनाल लोकसभा का उपाध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त प्रदेश संयुक्त सचिव राकेश मुंजाल को बृहस्पतिवार शाम को माडल टाउन स्थित उनके आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं व परिजनों ने लड्डू खिलाकर बधाई दी गई। जबकि राकेश मुंजाल ने अपनी नियुक्त पर समस्त पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर अनिल शर्मा, कृपाल सिंह, कंसल जी, देवेंद्र बंसल, आशीष, रविंद्र, लक्ष्मी रानी अरोड़ा, अनीता शर्मा, हेमा, रेखा, विक्रांत, मनीराम, पूजा व कृष्ण यादव आदि मौजूद रहे।

स्कूल में पंचायत समिति सदस्य ने बैटरी इन्वर्टर, पंखे किए दान

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)
राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा मे पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश द्वारा विद्यालय को एक बैटरी इन्वर्टर पंखे व विद्यालय स्टाफ के लिए चेयर उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक पवन मित्तल द्वारा की गई उन्होने विद्यालय मे आए हुए सभी अतिथियो का स्वागत किया ओर इस नेक कार्य के लिए पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश ओर उनकी टीम का धन्यवाद किया ओर कहा की अपने परिवार के लिए तो हर इंसान कार्य करता है लेकिन जो दूसरो की मदद करता है वो इंसान पुण्य का भागी होता है। मुख्याध्यापक बनेगा की मै अपने समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से ओमप्रकाश द्वारा आज जो विद्यालय को ये सामान उपलब्ध करवाया गया है इसके लिए धन्यवाद करता हूँ। पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश ने कहा की हम विधालय ओर बच्चो की उन्नति के लिए हर समय तैयार है। विद्यालय को जिस किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत होगी उसको पूरा करने का कार्य करेगें। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्याध्यापक पवन मित्तल ने कहा की विद्यालय में बच्चो के पीने के पानी की पक्की टंकी की आवश्यकता है वो भी बनवा दी जाए। पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश ने कहा की जल्दी ही बच्चों के पानी पीने की भव्य टंकी का निर्माण करवाया जाएगा ओर साथ ही सभी बच्चो के लिए टाई बैल्ट व आई कार्ड उपलब्ध करवाए जाएगें। इस मौके पर बलदेव मिस्त्री, अध्यापक मुनीष शर्मा, नीरज वर्मा, सीमा शर्मा, कृष्ण लाल, अनिल कुमार, अशोक कश्यप, रमित मित्तल, कोमल देवी, मीतो, गीता देवी मौजूद रहे।

इस नेक कार्य के लिए पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश ओर उनकी टीम का धन्यवाद किया

गढ़ी कला गांव के पदमुक्त हो चुके सरपंच को फिर मिला चार्ज

रोहतक मंडल आयुक्त के अगले आदेश तक राकेश कुमार गाव गढ़ी कला के सरपंच पद पर बने रहेंगें।

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ने के मामले में उपायुक्त द्वारा पद मुक्त कर दिए गए सरपंच को खंड विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा फिर से सरपंच का चार्ज सौंप दिया गया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पूनम चंद्रा ने उपायुक्त के आदेश पर बृहस्पतिवार को राकेश कुमार को कार्यालय में बुला कर उन्हें चार्ज सौंप दिया। वहीं बृहस्पतिवार को रोहतक मंडल आयुक्त द्वारा मामले की फिर से सुनवाई की गई। जिसके बाद उन्होंने अपने फैसले को सुरक्षित रखते हुए अगली सुनवाई 1 जून का समय निर्धारित कर दिया है।

- जांच के बाद उपायुक्त ने किया था पदमुक्त गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ कर सरपंच बनने के आरोप के बाद उपायुक्त द्वारा मामले की जांच करवाई गई थी। जांच में दोषी मिलने पर उपायुक्त ने सरपंच राकेश कुमार को पदमुक्त कर दिया था। उपायुक्त के आदेश जारी करने के बाद राकेश कुमार ने 10 मार्च को रोहतक मंडल आयुक्त की अदालत में अपील की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए रोहतक मंडल आयुक्त ने उपायुक्त द्वारा सरपंच को पदमुक्त करने के आदेश पर रोक लगा दी थी। रोहतक मंडल आयुक्त के फैसले के बाद उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय को सरपंच को दोबारा चार्ज सौंपने के आदेश जारी किए थे। जिसके चलते बृहस्पतिवार को राकेश कुमार को एक बार फिर से गांव के सरपंच का चार्ज सौंप दिया गया है।

मोबाईल मेडिकल वैन के जरिए 53 ग्रामीणों ने करवाए ब्लड टेस्ट

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक) गांव बड़ापुर में गुरुवार को स्टालवार्ट फॉउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत चलाई गई मोबाईल मेडिकल वैन पहुंची। जिसके जरिए 53 ग्रामीणों के ब्लड के टेस्ट किये गए। सरपंच सतीश कुमार ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो हेल्थ के प्रति कैम्प व मेडिकल वैन की सुविधा हल्के की जनता को दी जा रही है। उसका हल्के की जनता बहुत लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस वैन के जरिए लोगों के किडनी, लीवर, हर्ट के टेस्ट किये गए हैं, इतना ही नहीं कुछ लोगों को तो यह तक मालूम नहीं था कि उन्हें शुगर है जो कि टेस्ट करवाने के बाद पता लगा। उन्होंने कहा कि संदीप गर्ग अभी सत्ता में नहीं है फिर भी इतने जनसेवा के कार्य कर रहे हैं अगर हल्के की जनता ने उन्हें विधायक चुना तो वह कितने कार्य करेंगे यह हल्के की जनता के सामने हैं।

खाने की गलत आदतें बनाती हैं मधुमेह का रोगी

हेल्थ फैक्ट्स

स्वस्थ रहने के लिए मीठा और नमक कम लें

- यह मायने नहीं रखता है कि आप दिन में कितना अच्छा खाते हैं लेकिन उसे किस समय और कितनी मात्रा में खाते हैं यह मायने रखता है
- खाने की कुछ सामग्री जैसे स्वीट स्नैक, डीप फ्राइड स्नैक आदि खाना मधुमेह होने के सबसे बड़े कारण है
- हाई ग्लेसेमिक फूड जैसे-पास्ता, मैगी, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर आदि खाने से शरीर में ब्लड शुगर बढ़ती है
- डिनर के बाद डेजर्ट का सेवन बहुत रिस्की होता है क्योंकि खाने में पहले ही शुगर मौजूद होती है और इसके बाद भी मीठा आपके ब्लड शुगर में कितना इजाफा कर देगा शायद आपको इसका अंदाजा भी नहीं हो पाएगा

हमारा शरीर एक मशीन है और मशीन में कुछ भी ज्यादा डाला जाएगा तो वह अनियंत्रित हो जाएगी जैसे खाने में नमक ज्यादा होगा तो हाई बीपी, यदि खाने में मीठा ज्यादा लेंगे तो ब्लड शुगर हो जाएगी। खाने में मिर्च-मसाले ज्यादा लेंगे तो आंतों और किडनी की प्रॉब्लम हो जाएगी। खाने में तला-भुना ज्यादा लेंगे तो दिल की बीमारी हो जाएगी। पूरे विश्व में आज मीठे की बीमारी यानी शुगर अनाप-शनाप भोजन की आदतों के चलते एक आम संकट बनती जा रही है। मल्टीनेशनल कम्पनियां, खाने को प्रिजर्व करके लोगों के सामने पेश करती हैं जिससे लोग उसके आदी हो जाते हैं और उनको मधुमेह जैसे रोग होने का रिस्क बढ़ जाता है। फास्ट फूड और जंक फूड खाने की गंदी आदतें सबसे ज्यादा यंग जेनरेशन और बच्चों में देखने को मिलती हैं। ऐसे खाद्य पदार्थो को खाने से बॉडी में केलोस्ट्रॉल बढ़ जाता है जिससे मोटापा होता है और मोटापा ही अधिकांश बीमारियों की जड़ है। यह बात साफ है कि हाई ग्लेसेमिक फूड जैसे-पास्ता, मैगी, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर आदि खाने से शरीर में ब्लड शुगर बढ़ती है जिससे शरीर में डायबटीज हो जाती है क्योंकि बॉडी में इंसुलिन कम हो जाती है। ऐसी ही कई और भी खाने की गलत आदतें हैं जो लोगों में डायबटीज का कारण बनती है।

किन आदतों से होती है डायबटीज

ब्रेकफास्ट न करना: कई लोग सुबह नाश्ता नहीं करते या नाश्ता करने में ढिलाई बरतते हैं। नाश्ता करने से पूरे दिन शरीर को ऊर्जा मिलती है और यह सबसे हेल्दी आदत होती है। अगर आप सदैव सुबह समय पर नाश्ता करते हैं तो डायबटीज का खतरा कम हो जाता है। भूखे रहने से शरीर में शुगर लेवल बढ़ जाता है जिससे डायबटीज होने का खतरा बढ़ जाता है।

उच्च जीआई फूड खाना : फास्ट फूड और जंक फूड, उच्च जीआई फूड होते हैं। इनके सेवन से डायबटीज होने का शत-प्रतिशत खतरा रहता है क्योंकि इन्हें खाने से बॉडी में जल्दी से ग्लूकोज स्त्रवित होता है और ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है।

बैड वसा का सेवन करना : हर तरीके का फैट, शरीर व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होता है। ऑलिव ऑयल और फिश ऑयल, शरीर को ताकत देते हैं। लेकिन फास्ट फूड या जंक फूड में अनहेल्दी फैट होते हैं जो शरीर में चर्बी को बढ़ाते हैं जो ताकत नहीं देते। इनमें जीरो फाइबर होता है।

स्नैक्स : यह मायने नहीं रखता है कि आप दिन में कितना अच्छा खाते हैं लेकिन उसे किस समय और कितनी मात्रा में खाते हैं यह मायने रखता है। इसके अलावा, खाने की कुछ सामग्री जैसे-स्वीट स्नैक, डीप फ्राइड स्नैक (जैसे समोसा) आदि खाना मधुमेह होने के सबसे बड़े कारण बनते हैं।

कोल्ड ड्रिंक : कई लोग खाने के दौरान कोल्ड ड्रिंक पीते हैं जो सबसे हानिकारक होते हैं। इससे मोटापा तो बढ़ता ही है साथ में शरीर भी खराब होता है यानी कई रोग लग जाते हैं।

फलों-सब्जियों का सेवन न करना : फलों और सब्जियों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व और फाइबर होते हैं जो शरीर को मजबूत बनाते हैं और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखते हैं, इनसे पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है। कई लोग फल-सब्जियों को नहीं खाते, इससे उनके शरीर में शुगर लेवल अंसतुलित हो जाता है।

हानिकारक है किसी भी समय खा लेना : स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थो को खाने की आदत अच्छी होती है। वहीं हर टाइम कुछ न कुछ खाने की आदत अच्छी नहीं होती। कुछ लोगों को कभी भी और कहीं भी कुछ भी खा लेने में एतराज नहीं होता जैसे आधी रात में उठकर खाने लगना आदि। इससे पाचन क्रिया तो खराब होती ही है साथ ही शुगर लेवल बढ़ जाता है।

खाने के बाद डेजर्ट : मार्केटिंग के जर्बदस्त तरीके ने यह ट्रेंड ला दिया है कि खाने के बाद डेजर्ट जैसे आइसक्रीम, मिठाई खाई जाती है। फैक्ट यह है कि डिनर के बाद डेजर्ट का सेवन बहुत रिस्की होता है क्योंकि जो आपने खाना खाया है उसमें पहले ही शुगर मौजूद होती है और इसके बाद भी मीठा आपकी ब्लड शुगर में कितना इजाफा कर देगा शायद आपको इसका अंदाजा भी नहीं होगा।

बच्चों को एडिक्ट होने से बचाएं

लंदन। किसी भी चीज की लत हमेशा बुरी ही कहलाती है जबकि समय-समय पर किए जाने वाले कार्यो में यह बात लागू नहीं होती। लंदन में हुए एक शोध में बच्चों के विभिन्न तरह के एडिक्शन्स को लेकर शोध किया गया। इसमें मुख्य रूप से टीवी, मोबाइल और वीडियो गेम्स को शामिल किया गया। जिसमें पाया गया कि तकरीबन 84 प्रतिशत बच्चे वीडियो गेम खेलने के एडिक्ट निकले, जबकि अन्य 16 प्रतिशत का आंकड़ा अन्य चीजों में व्यस्तता का निकला, वह भी थोड़े-थोड़े समय के अंतराल में। इस शोध के नतीजों में पाया गया कि बच्चों के लंबे समय तक टेलीविजन देखने या मोबाइल पर गेम्स खेलने से उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने के साथ--साथ उनमें भावनात्मक समस्याएं भी पैदा होती हैं। लंदन में हुए एक नए शोध में यह चेतावनी जारी की गई है। इतना ही नहीं 7 साल की उम्र के बच्चों के इंटरनेट इस्तेमाल को नियंत्रित नहीं करने पर उनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) भी बढ़ जाता है। लड़कियों के लिए यह समस्या ज्यादा गंभीर है। चार साल की बच्चियों के सप्ताहांत में वीडियो गेम्स और कम्प्यूटर का इस्तेमाल करने से उनके छह साल के होने तक उनमें भावनात्मक समस्याएं पैदा होने लगती हैं। ज्यादा टीवी देखने से लड़के और लड़कियों दोनों का परिवार के साथ भावनात्मक संबंध खत्म होने का जोखिम भी बढ़ जाता है।

पैरेन्ट्स थोड़ा ध्यान दें :

बच्चों के एडिक्शन को नरजअंदाज करने की आदत सबसे पहले पैरेन्ट्स को बदलना होगी। सबसे पहली ड्यूटी उन्हीं की बनती है कि वे बच्चे की रोजमर्रा की आदतों पर ज्यादा से ज्यादा गौर करें और उन्हें किसी भी एडिक्शन से बचाने में उनकी मदद करें। अगर बच्चा टेलीविजन देख रहा है या वीडियो गेम खेल रहा है तो अभिभावकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी सामग्री उनकी आयु के हिसाब से उपयुक्त है। उसे कितना समय इन चीजों में बिताना चाहिए यह भी तय होना जरूरी है। तभी काफी हद तक बच्चों के व्यवहार में सुधार लाया जा सकता है।

यह शोध यूरोप के दो से छह साल की आयु के 3600 बच्चों पर किया गया। यह शोध 'जर्नल जेएएमए पीडिएट्रिक्स' में प्रकाशित हुआ है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

हंसी के फूव्वारें

'सुधीर, आज जब मैं पढ़ा रहा था तो तुम बातें कर रहे थें. अध्यापक ने कहा.'
'नहीं सर, आपको भ्रम हो गया लगता है मैं तो नींद में कभी बाते नहीं करता हूँ.'

'कल रात अंधेरे में एक चोर मेरे कमरे में घुस आया.' एक लड़की ने अपने प्रेमी को बताया.
'फिर क्या उसने कुछ चुराया?' प्रेमी ने पूछा.
'हां, बहुत कुछ चुराकर ले गया, मैं समझी कि तुम आये हो.'

मालिक(नौकर से) : रामू इस वर्ष तुम चार बार अपने दादा के मरने की छुट्टी ले चुके हो अब किस बात की छुट्टी चाहिए?
रामू: मालिक मेरी दादी की शादी है.

एक महिला ने अपनी सखी को बताया, 'मेरे लिए पति की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं, आखिर मैं अपने चार बच्चों को पाल चुकी हूँ.'

रात्रि का समय था. हवलदार ने एक साइकिल सवार को बिना रोशनी लगाये आते देखा तो उसने रोका और पूछा- 'यह साइकिल तुम्हारी है?'
'जी नहीं.'
'तुम्हारा नाम'
'जी वह मेरा अपना है.'

काकुरो पहेली - 4065



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 342 का हल



फिल्म वर्ग पहेली - 4065



बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-4063

फिल्म वर्ग पहेली - 342

सूडोकु -4065

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4064 हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

शब्द पहेली 4065



बाएँ से दाएँ

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

ऊपर से नीचे

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोङ्क्षटग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली 4064 का हल

लगातार दूसरी बार WTC फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों ने जज्बा दिखाया : रोहित

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि लगातार दूसरी बार इससे टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचकर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया विशेषकर तब जबकि टीम 2021 में खिताबी मुकाबले में हार गई थी। भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी वीडियो में रोहित ने कहा,'' साउथम्पटन में पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद हमने तुरंत ही एकजुट होकर अगले चक्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी।'' उन्होंने कहा,'' मेरा मानना है कि हमने इस चक्र में वास्तव में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। हमारे सामने कई बार चुनौती पेश की गई और उससे पार कर पाने के लिए केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही नहीं बल्कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार जज्बा दिखाया।' रोहित ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने की निराशा के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा,'' यह दो साल का चक्र है और इस दौरान हमने काफी टेस्ट मैच खेले। इस चक्र में कई खिलाड़ी खेले। हर अवसर पर किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। हम उनसे जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे थे उन्होंने वैसा प्रदर्शन किया।' भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर के बिना उतरेगा। यह तीनों खिलाड़ी चोटिल हैं। पहले डब्ल्यूटीसी चक्र में रोहित के अलावा पंत और अय्यर का औसत ही 40 रन प्रति पारी से ऊपर रहा जबकि उस दौर में बुमराह ने 10 मैचों में 45 विकेट लिए।

लखनऊ हारा तो खूब उड़ा नवीन उल हक का मजाक, सोशल मीडिया पर ट्रेंट में आए आम

चेन्नई। लखनऊ सुपर जाएंट्स को एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ मुंबई क्वालिफायर 2 में पहुंच गई जहां उसका फाइनल के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मैच होगा। लखनऊ की हार के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने नवीन उल हक पर निशाना साधते हुए खूब मजाक उड़ाना शुरू कर दिया।

हालांकि, नवीन ने लखनऊ के लिए 4 विकेट निकाले, लेकिन उनको आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली से इस सीजन में पंगा लेना भारी पड़ गया, जिस कारण अब एक बार फिर गेंदबाज का मजाक बनता दिखा। नवीन अब सोशल मीडिया पर स्वीट मैंगो वाले कमेंट के कारण जमकर ट्रोल हो रहे हैं। मुंबई इंडियंस के प्लेयर्स ने आम की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर नवीन को जमकर चिढ़ाया। नवीन को इस बार सबक सिखाने का काम मुंबई के तीन खिलाड़ी संदीप वॉरियर, विष्णु विनोद और कुमार कार्तिकेय ने किया। इन तीनों खिलाड़ियों ने तस्वीर के साथ गांधी जी के तीन बंदर वाले स्टाइल में पोज किया। वो एक तरह से नवीन उल हक को यह समझाने का प्रयास कर रहे थे कि बुरा मत बोलो, बुरा मत देखो और बुरा मत सुनों। इस तस्वीर के सामने आने के बाद नवीन को खूब ट्रोल किया जाने लगा।

कृणाल ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हार की जिम्मेदारी ली

चेन्नई। लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान कृणाल पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मुकाबले में यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 81 रन की हार की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। मुंबई के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स की टीम मधवाल (पांच रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.3 ओवर में 101 रन पर सिमट गई। मार्कस स्टोइनिस (40) के अलावा सुपरजाइंट्स का कोई और बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। मुंबई ने इससे पहले कैमरन ग्रीन (41) और सूर्यकुमार यादव (33) की उम्दा पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 38 गेंद में 66 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 182 रन बनाए। तिलक वर्मा (22 गेंद में 26) और निहाल वढेरा (12 गेंद में 23) ने उपयोगी पारियां खेली। सुपरजाइंट्स की टीम दो विकेट पर 69 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद कृणाल ने पीयूष चावला की गेंद पर खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाया और फिर टीम ने लगातार विकेट गंवाए। कृणाल ने स्वीकार किया कि उन्हें वह शॉट नहीं खेलना चाहिए था। उन्होंने मैच के बाद कहा, ''हम वास्तव में अच्छी स्थिति में थे।

11 साल बाद बार्सिलोना से अलग होंगे डिफेंडर जोर्डी अल्बा

नई दिल्ली। फुटबॉल क्लब बार्सिलोना की लंबे समय से सेवा करने वाले डिफेंडर जोर्डी अल्बा 11 उल्लेखनीय वर्षों के बाद सीजन के समापन पर क्लब छोड़ने के लिए तैयार हैं। बार्सिलोना ने यह घोषणा की।

बार्सिलोना ने एक आधिकारिक बयान में कहा, बार्सिलोना सार्वजनिक रूप से जोर्डी अल्बा के व्यावसायिकता, प्रतिबद्धता, समर्पण, और हमेशा सकारात्मक और गर्म व्यवहार के लिए अपना आभार व्यक्त करता है, जो उन्होंने हमेशा बार्सिलोना परिवार को बनाने वाली हर चीज के प्रति दिखाया है। 2012 में वालेंसिया से बार्सिलोना में शामिल होने के बाद, अल्बा छह ला लीगा खिताब और एक चैंपियंस लीग जीत के गवाह बने। अपने अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्लब के लिए कुल 19 ट्रॉफियां जीतीं। क्लब के लिए अल्बा ने 450 से अधिक मैच खेले, 27 गोल किये और 91 गोलों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका



रही। बार्सिलोना के साथ अपनी अब तक की यात्रा पर अल्बा ने कहा, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं यादों और प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। बार्सिलोना के लिए मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। उन्होंने आगे कहा, ये कठिन समय है, और मेरा मानना है कि मेरे लिए उस क्लब का समर्थन करना महत्वपूर्ण है जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। मैं अपने जाने के बाद भी बार्सिलोना को फलते-फूलते देखना चाहता हूं। बार्सिलोना के समृद्ध इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, पिच पर अल्बा के योगदान और उनकी अटूट वफादारी को प्रशंसकों और फुटबॉल समुदाय द्वारा हमेशा याद किया जाएगा।

लॉन्ग जम्पर श्रीशंकर ने ग्रीस इवेंट में जीता स्वर्ण, एल्ड्रिन ने हासिल किया रजत पदक

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय लांग जम्पर मुरली श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जम्पिंग मीट में 8.18 मीटर दूरी की सत्र के सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। 24 वर्षीय श्रीशंकर ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 8.18 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उनके करियर का छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में उन्होंने 8.31 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण हासिल किया था। श्रीशंकर की श्रृंखला में 7.94 मीटर, 8.17 मीटर, 8.11 मीटर, 8.04 मीटर, 8.01 मीटर और 8.18 मीटर की विजयी छलांग शामिल थी। हालांकि, वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए निर्धारित 8.25 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को पूरा करने से चूक गए। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक जेसविन एल्ड्रिन ने 7.85 मीटर की अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। एल्ड्रिन की श्रृंखला में 7.81 मीटर, 7.85 मीटर, 7.74 मीटर, 7.74 मीटर, 7.79 मीटर और एक फाउल शामिल था।

प्रतियोगिता में 7.80 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाते हुए ऑस्ट्रेलिया के जालन रकर तीसरे स्थान पर रहे।

श्रीशंकर की श्रृंखला में 7.94 मीटर, 8.17 मीटर, 8.11 मीटर, 8.04 मीटर, 8.01 मीटर और 8.18 मीटर की विजयी छलांग शामिल थी।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स : उद्घाटन समारोह के लिए पूरी तरह से तैयार हुआ लखनऊ

लखनऊ। राज्य की राजधानी लखनऊ, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 उत्तर प्रदेश (यूपी) के शानदार उद्घाटन समारोह के लिए पूरी तरह तैयार है, जो अब उच्च शिक्षा (यूनिवर्सिटी) स्तर पर भारत का सबसे बड़ा मल्टीस्पोर्ट्स प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेलों के उद्घाटन की घोषणा वर्चुअली रूप से करेंगे। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत सरकार के केंद्रीय युवा मामले और खेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल होंगे।

70 मिनट चलने वाला यह समारोह आधिकारिक तौर पर बीबीडी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय समयानुसार, 6:50 बजे शुरू हो जाएगा जहां भारतीय सेना के बैंड द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद, कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों के संबोधन के अलावा, गीत और आह्वान, विषयगत प्रदर्शन, टॉर्च एनिमेशन और राज्य के एक प्रसिद्ध खेल व्यक्तित्व द्वारा खेल मशाल की रोशनी, आतिशबाज़ी का प्रदर्शन होगा और जीवन मिशन की शपथ दिलाई जाएगी। राजकीय पशु बारहसिंगा से प्रेरित खेलों का शुभंकर जीतू भी समारोह का एक अभिन्न हिस्सा होगा। समारोह का समापन प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर की विशेष प्रस्तुति के साथ किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह से पहले, उत्तर प्रदेश सरकार के खेल और युवा मामले विभाग के अपर मुख्य सचिव, नवनीत सहगल ने कहा, यह यूपी में खेलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और हम सभी

इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और इस समारोह की योजना माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में सावधानीपूर्वक रूप से की गई है। यह एक विश्व स्तरीय समारोह होगा जो विकास और आधुनिकता की दिशा में राज्य की वर्तमान तीव्र प्रगति के साथ सम्मिश्रण करते हुए राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करेगा। हमें विश्वास है कि आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूरा राज्य किसी न किसी तरह से हमारे साथ जुड़ेगा, जो इस क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के लिए एक क्रांति साबित होगी।÷ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक (एसवीएसपी) स्टेडियम में 23 मई, 2023 को पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में कबड्डी के रूप लीग की शुरुआत हो गई है, सात अन्य खेल फुटबॉल, रग्बी, टेनिस, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और मल्लखंब के शुरुआती दौर और ग्रुप मैच, 24 मई, 2023 को लखनऊ में तीन स्थानों पर शुरू हो चुके हैं। प्रतियोगिताएं 03 जून, 2023 को समाप्त होंगी, समापन समारोह वाराणसी में आयोजित किया जाएगा।

केआईयूजी के तीसरे संस्करण में देश के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4000 से अधिक एथलीट 21 प्रकार के खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। राज्य के चार शहर लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और नोएडा विभिन्न खेलों की मेजबानी करेंगे, जिसमें दिल्ली का डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज भी शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। गोरखपुर के रामगढ़ ताल में होने वाली रोइंग केआईयूजी के इस संस्करण में वाटर-स्पोर्ट्स की शुरुआत भी सुनिश्चित करेगी।

केआईयूजी के इस संस्करण में कुछ प्राइवेट स्तर के कुछ मुख्य एथलीट एक्शन में दिखाई देंगे, जैसे शूटिंग में मनु भाकर, हृदय हजारिका, मेहुली घोष, अर्जुन बाबुता और सिफ्ट कौर समरा; टेबल टेनिस में दीया चिताले और अनन्या बसक, फुटबॉल में एसके. साहिल, तैराकी में अनीश गौड़ा, बैडमिंटन में मालविका बंसोड़, जूडो में यश घनगस और कुश्ती में अंशु मलिक और सागर जागलान सहित अन्य शामिल हैं।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की व्यवस्थाओं से टेनिस खिलाड़ी कबीर हंस खुश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शुरू होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 की व्यवस्थाओं से खिलाड़ी खुश हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने यहां पहुंचे ओडिशा के टेनिस खिलाड़ी कबीर हंस ने यूनिवर्सिटी गेम्स की व्यवस्थाओं की तारीफ की है। कबीर केआईआईटी विश्वविद्यालय की टीम से खेल रहे हैं। 21 साल के इस खिलाड़ी की निगाह इन खेलों के माध्यम से अपनी तैयारियों को धार देना और अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखने पर है।

कबीर ने कहा कि मैं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के लिए लखनऊ में आकर बहुत खुश हूं। यहां व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। अच्छे विश्वविद्यालय और वहां के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हम यहां एक टीम के रूप में हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। उत्साहित कबीर हंस ने कहा कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले खिलाड़ियों के

लिए ये गेम बड़ा अवसर है, जहां अच्छे प्रदर्शन से वो अपनी भविष्य की राह तैयार कर सकते हैं। कबीर के अनुसार ऐसे खेल आयोजन हर साल होते रहने चाहिए। कबीर ने आगे कहा कि केआईआईटी विश्वविद्यालय की टीम की ओर से मुझे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का विश्वास है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टेनिस के फलक पर तेजी से चमक रहे कबीर हंस का नाम तब चर्चा में आया था, जब उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में नई दिल्ली में हुए फेनेस्टा ओपन नेशनल हार्ड कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फलक पर तब चर्चा बिखेरी जब उन्होंने इस साल मार्च में ईरान के किश आइलैंड में हुए आईटीएफ मेन्स 15के टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी पॉइंट हासिल किया था।

भारत ने जूनियर एशिया कप हॉकी में चीनी ताइपे को 18-0 से रौंदा

सालालाह। गत चैंपियन भारत ने यहां सुल्तान कबूस यूथ कॉम्प्लेक्स में चीनी ताइपे पर 18-0 की बेजोड़ जीत के साथ पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के डिफेंस को भेदने में लगातार कामयाबी हासिल की और गोल दागे। भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंदल (19वें, 29वें, 30वें, 59वें मिनट) और अमनदीप (38वें, 39वें, 41वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि बॉबी सिंह धामी (10वें और 46वें मिनट), आदित्य अर्जुन ललागे (37वें और 39वें मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह (10वें और 59वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। शारदा नंद तिवारी (11वें), अंगद बीर सिंह (37वें), आमिर अली (51वें), बोबी पूवन्ना चंद्रुरा (54वें) और योगंबर रावत (60वें) ने भी एक-एक गोल दागकर पूल के ए के मुकाबले को एकतरफा बनाया।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को जापान से होगा जबकि टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से और रविवार को थाईलैंड से भिड़ेगी। भारत का लक्ष्य यहां टूर्नामेंट जीतकर इस साल होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाली टीम दिसंबर में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

आकाश मधवाल की घातक गेंदबाजी के आगे लखनऊ पस्त, क्वालीफायर में पहुंची मुंबई इंडियंस

चेन्नई। आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले में खेले गए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 81 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ मुंबई की टीम क्वालीफायर-2 में पहुंच गई है। अब मुंबई टीम 26 मई को गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। इस मैच के हीरो तेज गेंदबाज आकाश मधवाल रहे, जिन्होंने 3.3 ओवर में मात्र 5 रन खर्च कर पांच विकेट झटके।

मुंबई की ओर से मिले 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। आकाश मधवाल ने पारी के दूसरे ही ओवर में ओपनर प्रेरक मांकड़ (3 रन) को ऋतिक शौकीन के हाथों कैच करा दिया। फिर चौथे ओवर में लखनऊ टीम के इम्पैक्ट प्लेयर काइल मेयर्स (18 रन) को क्रिस जॉर्डन ने चलता किया। दो विकेट जल्द गिरने के बाद मार्कस स्टोइनिस और कप्तान कृणाल पंड्या ने 46 रनों की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की। इस जोड़ी को पीयूष चावला

ने क्रुणाल को 8 रन पर आउट कर तोड़ा। एक तरफ स्टोइनिस संघर्ष करते रहे तो दूसरी तरफ लगातार विकेट गिरते रहे। तभी आयुष बडोनी एक रन बनाकर और निकोलस पूरन शून्य पर आउट हो गए, जिससे सारा दबाव स्टोइनिस पर आ गया। दीपक हुड्डा और स्टोइनिस ने साझेदारी बनाने का भरकस प्रयास कियाए लेकिन आपसी गलतफहमी की वजह से स्टोइनिस रन आउट हो गए, उन्होंने 40 रन बनाए। इसके बाद लखनऊ का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिक सका और पूरी टीम 101 रन के योग पर 19.3 ओवर में पवेलियन लौट गई।

मुंबई के लिए सबसे सफल गेंदबाज आकाश मधवाल रहे, जिन्होंने 5 रन देकर पांच बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके अलावा क्रिस जार्डन और पीयूष चावला को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 182 रन बनाए। हालांकि मुंबई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। चौथे ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा 11 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ईशान किशन (15) भी जल्दी आउट हो गए। तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव और कैमरन ग्रीन ने 38 गेंदों में 66 रनों की तूफानी साझेदारी की, लेकिन टीम का स्कोर 100 के पार जाते ही 11 ओवर में दोनों खिलाड़ी नवीन-उल-हक का शिकार हो गए। सूर्यकुमार ने 33 रन और कैमरून ग्रीन ने 41 रन बनाए। फिर तिलक वर्मा (22 गेंद 26 रन, टिम डेविड 13 रन और नेहल वढेरा ने ताबड़तोड़ 23 रन बनाकर मुंबई को 182 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। लखनऊ की ओर से नवीन उल हक ने चार और यश ठाकुर ने तीन विकेट झटके।

अंजू बॉबी जॉर्ज का दावा- लंबी कूद की टॉप प्लेयर बनेगी यह दिग्गज, बताया कारण

नई दिल्ली। लंबी कूद की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज का मानना है कि उनकी शिष्या शैली सिंह के 19 साल की उम्र में प्रदर्शन पर गौर करें तो वह अगले 4 या 5 साल में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तरह दुनिया भर में शीर्ष पर होगी। इसी साल शैली ने इंडियन ग्रां प्री में 6.76 मीटर की कूद लगाई थी जो अंजू के बाद किसी भारतीय महिला का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

अंजू का 6.83 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2004 से बरकरार है। शैली ने रविवार को सीनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता जब उन्होंने जापान के योकोहामा में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता सेइको ग्रां प्री में 6.65 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

शैली की सीनियर स्तर पर यह पहली वैश्विक प्रतियोगिता थी। अंजू ने कहा कि उसने (शैली

ने) 19 साल की उम्र में जितनी लंबी कूद लगाई है वह शानदार है। वह मुश्किल से मिलने वाली प्रतिभा है और हमें बेहद सतर्कता के साथ उसे निखारना होगा जिससे कि परिपक्व होने पर वह विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन सके।

जॉर्ज के पति दे रही ट्रेनिंग

पेरिस में 2003 में कांस्य पदक के रूप में विश्व चैम्पियनशिप का पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला एथलीट अंजू और उनके पति रॉबर्ट बॉबी जॉर्ज ने शैली को 2017 में खोजा था जब वह सिर्फ 13 साल की थी। शैली अभी रॉबर्ट के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही हैं जो बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हाई परफोर्मेंस कोच भी हैं। अंजू ने कहा कि जापान में कांस्य पदक जीतना शैली का प्रतिभावान एथलीट से वैश्विक स्तर पर लगातार पदक जीतने वाली खिलाड़ी के रूप में बदलाव की ओर पहला कदम है। उन्होंने कहा कि इस पदक से उसका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। आपको बदलाव के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं और सम्मान की जरूरत होती है। आयु उसके पक्ष में है और आगामी वर्षों में वह और अधिक उपलब्धियां हासिल करेगी।

एशियाई खेलों में जीत सकती है पदक : अंजू

अंजू ने कहा- मुझे उम्मीद है कि शैली एशियाई खेलों में कम से कम एक पदक जीत सकती है और बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है। एशियाई खेल 2018 में महिला लंबी कूद की तीन पदक विजेताओं ने क्रमशः 6.55 मीटर, 6.51 मीटर और 6.50 मीटर की कूद लगाई थी। विश्व चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग स्तर 6.85 मीटर है। शैली अगर 6.85 मीटर की कूद लगाकर बुडापेस्ट में 19 से 27 अगस्त तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करती है तो अंजू के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ देंगी जो उन्होंने 2004 एथेंस ओलिम्पिक के दौरान बनाया था।

मां कपड़े सिलने का काम करती है

शैली को उनकी मां ने पाला है जो उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के एक गांव में कपड़े सिलने का काम करती हैं। अंजू ने कहा कि वह बेहद समर्पित है और बामुश्किल घर जाती है। उसकी मां उससे मिलने के लिए बेंगलुरू आती है। वित्तीय रूप से अब वह बेहतर स्थिति में है, उसके पास कुछ प्रायोजक हैं और वह टॉप्स (डेवलपमेंट ग्रुप) में भी शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया में अगले दो मैचों में रक्षण पर होगा ध्यान: एक्का

एडिलेड। भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो मैचों में अपने रक्षण को मजबूत करने और आसानी से गोल नहीं गंवाने पर ध्यान देगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच खेले जिनमें से पहले दो मैच में उसे 2-4 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। उसने तीसरा मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। भारतीय टीम अब दौरे के दो अंतिम मैच गुरुवार और शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में इस दौरे पर आई है तथा उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम की सफलता के लिए रक्षा पंक्ति का मजबूत होना जरूरी है।

एक्का ने कहा,'' यह देखते हुए कि हमने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम का सामना किया, हमने पहले तीन मैचों में विशेषकर आक्रमण के लिहाज से अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हमने कुछ अधिक गोल गंवाए जो नहीं होना चाहिए था। इसलिए हम अगले दो मैचों में अपने रक्षण में सुधार करने पर ध्यान देंगे और जीत के साथ अपने दौरे का अंत करना चाहेंगे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 26 मई 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

'वंदे भारत की रफ्तार से आगे बढ़ रहा भारत'

वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

नई सौगात दी

● उत्तराखंड की देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड को देहरादून-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस की नई सौगात दी। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड के समस्त रेल मार्गों के लिए विद्युतीकरण की सौगात भी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच चलने वाली यह ट्रेन देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी। इसकी सुविधाएं सफर को आनंददायक बनाने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे बाबा केदारनाथ के दर्शन करने गये थे, तो दर्शन के बाद अनायास ही उनके मुख से पंक्तियां निकली थीं कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वह बहुत सराहनीय है। यह इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा।

हर वर्ष पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ रही चारधाम यात्रा: उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या हर वर्ष पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ देती है। अभी बाबा केदार के दर्शनों के लिए कितने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, ये हम सब देख रहे हैं। हरिद्वार में होने वाले कुंभ और अर्धकुंभ में दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं।

हर वर्ष जो कांवड़ यात्रा होती है, उसमें भी लाखों-करोड़ों लोग उत्तराखंड पहुंचते हैं। देश में ऐसे राज्य कम ही हैं, जहां इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की ये संख्या उपहार भी है और इतनी बड़ी संख्या को संभाल पाना, एक भगीरथ कार्य भी है।

इस भगीरथ कार्य को आसान बनाने के लिए ही डबल इंजन की सरकार, डबल शक्ति से, डबल गति से काम कर रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को धामी जी की सरकार ने दी नई ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इन नवरत्नों की माला को पिरोने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट यहां चल रहे हैं। उन्हें भी धामी जी की सरकार ने नई ऊर्जा दी है। 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से चारधाम महा परियोजना पर तेज गति से काम हो रहा है। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे तैयार होने से देहरादून-दिल्ली के बीच सफर और आसान हो जाएगा। रोड कनेक्टिविटी के साथ ही, रोप-वे कनेक्टिविटी के लिए भी उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पर्वतमाला योजना आने वाले दिनों में उत्तराखंड का भाग्य बदलने जा रही है। इसके लिए जिस कनेक्टिविटी का उत्तराखंड के लोगों ने बरसों इंतजार किया है, वो इंतजार भी हमारी सरकार समाप्त कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना दो-तीन साल में पूरी हो जाएगी। 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च इस योजना के पीछे किए जा रहे हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद उत्तराखंड का एक बड़ा क्षेत्र राज्य के लोगों और पर्यटकों के लिए सुगम हो जाएगा। इससे यहां निवेश, उद्योगों के विकास, रोजगार के नए-नए अवसर बनेंगे। और देवभूमि पर विकास के इस महाअभियान के बीच, अब ये वंदे भारत ट्रेन भी उत्तराखंड के लोगों के लिए एक भव्य उपहार साबित होगी।

न्यूज फ्लैश

करंट से मरनेवालों के परिजनों को आजीवन मुफ्त चिकित्सा सुविधा

नवादा: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा नवादा के पूर्व सिविल सर्जन डॉ विमल कुमार सिंह ने रसलपुर गांव में महायज्ञ के दौरान गुरुवार को करंट से हुई 2 लोगों की मौत से दुखी परिजनों से मिलकर उन्हें धीरज बंधाया । डॉ विमल ने कहा कि मौत के शिकार लोगों के परिजनों को आजीवन उनकी तरफ से मुफ्त चिकित्सा सहायता मिलती रहेगी।डॉ विमल अस्पताल पहुंचकर करंट से घायल हुए लोगों से मिलकर उन्हें बेहतर इलाज का आश्वासन दिया ।उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो पटना से दिल्ली तक बेहतर इलाज करा कर घायल लोगों की जान की रक्षा की जाएगी ।उन्होंने कहा कि संस्कार पब्लिक स्कूल के निदेशक विनोद कुमार ने भी मृतक के परिजनों को आजीवन मुक्त शिक्षा देने की घोषणा की है ।डॉ विमल ने समाज के हर संपन्न वर्ग के लोगों से आह्वान किया है कि दुख की इस घड़ी में पीड़ित के परिजनों की मदद के लिए संपन्न वर्ग आगे आए। तभी समाज बेहतर हो सकता है।

सोनभद्र में तेंदुए की दहशत

सोनभद्र: पिपरी नगर के लोग इन दिनों इलाके में तेंदुए के आने की खबर से दहशत के साए में जी रहे हैं। बीते 15 दिनों से कई जगहों पर तेंदुए को देखा गया है जिससे लोगों में बैचेनी है। फिलहाल राहत की बात यह है कि अब तक तेंदुए ने किसी को शिकार नहीं बनाया है। वन विभाग की टीमें लगातार तेंदुए की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और लोगों को नगर में सावधान किया जा रहा है। म्योरपुर वन रेंज क्षेत्र में बीते तीन माह से एक तेंदुए की चहलकदमी की सूचना मिल रही है। अब वह तेंदुआ पिपरी क्षेत्र में भी आ गया है। पिपरी नगर क्षेत्र व आसपास के जंगलों में बीते एक पखवाड़े से एक तेंदुए की चहलकदमी से लोग दहशत में हैं। तेंदुआ के रिहायशी इलाकों में आने की सूचना से लोगों में काफी खौफ है। तेंदुए को पहले लगभग 15 दिनों पूर्व सीआईएसएफ कर्मियों ने जंगलों में देखा था, इसके बाद वह डोंगिया नाला इलाके में भी कई बार देखा जा चुका है। डोंगिया नाला इलाके में बीते 14 अप्रैल को तेंदुए ने एक हिरण का शिकार भी किया था। इसकी सूचना जब वन विभाग को लगी तो वन्य कर्मियों ने हिरण का पिपरी स्थित पशु चिकित्सालय पर पोस्टमार्टम भी कराया था। हिरण की गर्दन पर तेंदुए के पंजे के निशान मिले थे और उसने हिरण के शरीर का पिछला हिस्सा खाकर अगला हिस्सा छोड़ दिया था। पिपरी में स्थित न्यू मार्केट के समीप संतोषी माता मंदिर कॉलोनी के आसपास भी दो दिनों पूर्व तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर गई थी। वन विभाग के पिपरी रेंज के क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि तेंदुए की चहलकदमी की सूचना विभाग को मिली है।

'सड़कों की गुणवत्ता में कमी मिलने पर होगी कार्रवाई'

टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी
उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने वाराणसी में सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित समय में मानक के अनुरूप बनाने का निर्देश दिया है। दो दिवसीय दौरे के अन्तिम दिन गुरूवार को लोक निर्माण विभाग मंत्री सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में अफसरों की क्लास लगाते हुए कहा कि वाराणसी जनपद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। यहां जो भी निर्माण कार्य हो, वह गुणवत्तापूर्ण हो। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फुलवरिया फोरलेन मार्ग को शीघ्र पूर्ण कराए जाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में रविंद्रपुरी कालोनी में लगभग तीन फीट ऊंचाई में बनाए जा रहे सड़क के मानक पर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल एवं कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सवाल उठाया। इसके बावजूद अभियंता निरुत्तर मूकदर्शक बने रहे। यह देख मंत्री जितिन प्रसाद ने निर्माण कार्य रोकते हुए मौके से निर्माण सामग्री हटाकर सड़क साफ कराए जाने को कहा।उन्होंने विभागीय अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि कहा कि विभाग के अंतर्गत निर्मित कराए जाने वाली सड़कों की सूची जनपद के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं।

निर्देश

● वाराणसी जनपद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। यहां जो भी निर्माण कार्य हो, वह गुणवत्तापूर्ण हो

बढ़ाई होमगाड्र्स के अनुबंध नवीनीकरण की समयावधि

टीम एक्शन इंडिया/जयपुर
मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को होमगाड्र्स एवं होमगार्ड वॉलिंटियर्स की बरसों पुरानी मांग को पूरा करते हुए अनुबंध नवीनीकरण (कॉन्ट्रेक्ट रिन्यूवल) अवधि को 5 से बढ़ाकर 15 वर्ष करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शुरू से ही होमगार्ड को एक मजबूत और कारगर संगठन बनाने के लिए कृत संकल्पित रही है। कोरोना महामारी के कठिन समय में होमगाड्र्स ने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिस तरह कोरोना वारियर्स के रूप में सेवाएं दीं, वो सराहनीय है। मुख्यमंत्री विद्याधर नगर में गृह रक्षा निदेशालय के नवीन प्रशासनिक भवन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा होमगार्ड विभाग को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। होमगाड्र्स के मानदेय में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा 58 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवा से पृथक हो रहे स्वयंसेवकों को लघु व्यवसाय के लिए कल्याण कोष से अधिकतम 2 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जा रही है। होमगार्ड से संबंधित अन्य मांगों का परीक्षण करवा कर इस संबंध में यथासम्भव कार्यवाही की जाएगी। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज, निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाला राजस्थान अग्रणी राज्य बन गया है।

सराहनीय

● होमगाड्र्स ने कंधे से कंधा मिलाकर जिस तरह कोरोना वारियर्स के रूप में सेवाएं दीं, वो सराहनीय है

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विद्याधर नगर में गृह रक्षा निदेशालय के नवीन प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करते हुए।

सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश, गिरफ्तार

हरिद्वार: सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों की नुमाइश कर हीरो बनने की चाह ने युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक के कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। विगत दिनों सोशल मीडिया पर एक युवक की अवैध हथियारों संग वीडियो वायरल हुआ। जिसका एसएसपी हरिद्वार संज्ञान लेते हुए लक्सर कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। आरोपित युवक की शिनाख्त आशीष उर्फ मोंटू पुत्र जगपाल निवासी महाराजपुर कंला लक्सर के रूप में हुई।

पटाखा बनाने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण देगी सरकार

टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता
पश्चिम बंगाल में पटाखा कारखानों में विस्फोट की घटनाओं से बचने को लेकर प्रदेश सरकार इन कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण देगी। सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि गत मंगलवार को पटाखा बनाने वाले कई कारखानों के संगठनों के साथ मुख्य सचिव हरि कृष्ण द्विवेदी ने बैठक की है। इसमें पटाखा कारखानों के लिए कलेक्टर बनाने की तो बात हुई है। साथ ही बाद में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से ऐसे कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से इस बाबत इंस्टिट्यूट को पत्र लिखा जा रहा है और संस्थान ने भी शुरूआती बातचीत में इस पर सहमति जताई है। इस बाबत एक ईमेल भेज दिया गया है। बताया गया कि नए लाइसेंस हासिल करने वाले पटाखा कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जून महीने के पहले और दूसरे सप्ताह में दो बैच में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सचिवालय से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण से पटाखा बनाने वालों को सावधानी से काम करने में सहूलियत होगी।

बहुचर्चित मामला चारों को 7-7 साल की सजा, 10-10 हजार का जुर्माना; एक आरोपी बरी

राजस्थान के बहुचर्चित मॉब लिंचिंग केस में 4 दोषी

टीम एक्शन इंडिया/अलवर
अलवर के रामगढ़ में बहुचर्चित रकबर मॉब लिंचिंग केस में कोर्ट ने 5 में से 4 आरोपियों को दोषी करार दिया है। एडीजे कोर्ट नंबर-1 ने चारों दोषियों को 7-7 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पांचवें आरोपी को संदेह का लाभ देकर सभी धाराओं से बरी कर दिया गया है। कोर्ट का फैसला आने से पहले गुरुवार सुबह से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। एहतियातन कई थानों की पुलिस तैनात की गई थी। पीड़ित पक्ष के एडवोकेट अशोक शर्मा ने बताया कि करीब 5 पांच साल पहले गो तस्करी के शक में रामगढ़ के ललावंडी में हरियाणा के कोल गांव निवासी 40 साल के रकबर उर्फ अकबर के साथ कई लोगों ने मारपीट की थी। अकबर को अंदरूनी चोटें आई थीं। उसे गंभीर घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन कुछ घंटों बाद रकबर ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी परमजीत, धर्मेंद्र, नरेश व विजय कुमार को धारा 341 व 304 पार्ट एक के तहत दोषी पाया है। एक अन्य आरोपी नवल किशोर के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं होने से बरी कर दिया गया।
कोर्ट का फैसला आते ही चारों आरोपियों को पुलिस कस्टडी में ले लिया। उधर, कोर्ट के आदेश के बाद कुछ लोगों ने गहलोत सरकार और रामगढ़ विधायक सफिया खान के खिलाफ नारेबाजी की। एडवोकेट अशोक कुमार ने कहा कि मॉब लिंचिंग का कोई सेक्शन नहीं है।